रोहतक
गुरुवार, 17 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष, सप्तमी वर्ष : 29, अंक : 167
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 35.5
न्यून. 23.4

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

**बाजार का हाल**

| मार्केट | बंद | तेजी |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 82,634.29 | 63.57 ▲ |
| निफ्टी | 25,212.05 | 16.21 ▲ |

| धातु | कीमत | गिरावट |
|---|---|---|
| सोना | 98,870/- | 500/- ▼ |
| चांदी | 1,11,000/- | 1000/- ▼ |

(सोना प्रति 10 ग्राम और चांदी प्रति किलो रु. में)

| मुद्रा | प्रति डॉलर | नीचे |
|---|---|---|
| रुपया | 85.94 | 18 पैसे ▼ |

क्रूड ऑयल 68.53 बैरल 0.26% ▼

पेट्रोल दिल्ली में 94.72 रु. लीटर और डीजल 87.62 रु. लीटर बिक रहा है।

## अंदर के पन्नों पर

▸ माननीयों का अपमान किया तो अफसरों की खैर नहीं पेज-3
▸ खुद को राजा समझते हैं हेमंत जनता उन्हें जेल भेजेगी पेज-5
▸ ड्रोन और यूएवी में आत्मनिर्भरता भारत के लिए जरूरी पेज-8

## प्रदेश के 11 जिलों में बारिश, यमुनानगर में खेतों व निचले इलाकों में कई फुट भरा पानी, फसलें बर्बाद होने का खतरा

### सिरसा में मकान की छत गिरी, दंपति दबा ▸ फतेहाबाद एसडीएम कोर्ट में सांप घुसा

### यमुना नदी में शाम तक 20,000 क्यूसेक पानी

**यमुनानगर (हरिभूमि न्यूज)।** प्रदेश के 11 जिलों में बुधवार को तेज बरसात हुई। इससे सड़कों, घरों, खेतों और नीचले इलाकों में पानी भर गया। भिवानी, चरखी दादरी, पानीपत, सोनीपत, फरीदाबाद, यमुनानगर, नूंह, करनाल, झज्जर, जींद और पंचकूला में अच्छी बरसात दर्ज की गई। वहीं, मौसम वैज्ञानिकों ने फतेहाबाद, सिरसा, हिसार, झज्जर, महेंद्रगढ़, गुरुग्राम में बारिश का अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी प्रदेश के कुछ हिस्सों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं, यमुनानगर में तेज बारिश से खेतों में फसले जलमग्न हो गई। नीचले इलाकों में कई फुट तकपानी भरने लोगों कपरेशानी का सामना करना पड़ा। पानी निकासी के इंतजाम फेल होते नजर आए। खेतों में पानी भरने से फसलों पर संकट गहरा गया है। हालांकि गन्ने की गोभ में आने वाली बीमारियों से छुटकारा मिलने की उम्मीद बन गई। बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई।

**आज भी भारी बारिश का अलर्ट**

### सड़कों पर फंसे रहे वाहन

यमुनानगर में सड़कों पर पानी भरने से कई वाहन बंद हो गए, जबकि कुछ वाहन पानी में रेंगते रहे। कई जगह लोग गाड़ियों को खींचते नजर आए। कई घरों में पानी घुस गया। आलम यह रहा कि जगाधरी के मटका चौक, छोटी लाइन बाजार, सड़कों समेत कई नीचले इलाकों में दो से तीन फुट पानी भर गया। इस दौरान नगर निगम की टीम में सड़कों व नीचले इलाकों में भरे कई-कई फुट पानी की निकासी करने के लिए वह बेबश नजर आई। निगम क्षेत्र के कई इलाके तो झील की तरह नजर आए।

### मानसून के सीजन में प्रदेश में अब तक 24 की मौत


यमुनानगर में सड़कों पर हिलोरे मार रहा पानी

### क्या कहते हैं किसान

किसान सुमेर चंद, पलविंद्र सिंह, रोशन लाल, बहादुर सिंह, पृथ्वी सिंह व जयपाल ने बताया कि बारिश से सब्जी की फसलें चौपट हो गई हैं, जबकि धान और गन्ने की फसल के बारिश राहतभरी है। धान व गन्ने की फसल में बीमारियों के प्रकोप के छुटकारा मिलने की उम्मीद जगी है। तेज बारिश होने के बावजूद यमुना नदी अपने सामान्य स्तर से भी कम पर बह रही है। हथनीकुंड बैराज के सूत्रों के मुताबिक यमुना नदी में शाम तक कुल 20,000 क्यूसेक पानी बह रहा है।

### प्रदेश में ये हाल

- सिरसा के डबवाली में गांव पन्नीवाला मोरिका में कच्चे मकान की छत गिर गई। इससे चाय पी रहे दंपती दब गए। दोनों का अस्पताल में इलाज चल रहा है।
- रोहतक के महम में 2500 और झज्जर में 500 एकड़ में बोई धान, बाजरा और कपास की फसल पानी में डूब गई।
- झज्जर जिले में गांव कुंजियां में बारिश के कारण सड़क में गड्‌ढा पड़ गया।
- फतेहाबाद के लघु सचिवालय में बने एसडीएम कोर्ट में सांप घुस गया।
- पंचकूला के पिंजौर में शिवलोक मंदिर के पास तेंदुए का शावक दिखाई दिया। शावक को कुछ कुत्ते नोच रहे थे।
- मानसून सीजन में प्रदेश में अब तक 24 मौतें हो चुकी हैं। इनमें 3 महिलाएं व 5 बच्चे भी शामिल हैं।

## खबर संक्षेप

### हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक एक अगस्त को

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी की अध्यक्षता में मंत्री-परिषद् की बैठक एक अगस्त को प्रातः 11 बजे हरियाणा सिविल सचिवालय चंडीगढ़ की चौथी मंजिल के मुख्य सभा कक्ष में होगी। जिसमें सीएम की घोषणाओं पर चल रहे विकास कार्यों व विस के मानसून सत्र को बुलाए जाने सहित दर्जनों विषयों पर मंथन होने की संभावनाएं हैं। ब्यूरो

### दिल्ली के 5 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पांच निजी स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद दहशत फैल गई और अधिकारियों ने गहन जांच के लिए परिसर तत्काल खाली कराए। यह लगातार तीसरा दिन है जब राष्ट्रीय राजधानी के शैक्षणिक संस्थानों को ईमेल से बम रखे होने की धमकी दी गई है। इससे पहले पिछले दो दिन में कुछ स्कूलों में बम रखे होने की धमकी, जांच में झूठी साबित हुई है। भाषा

### बडगाम में तीन आतंकी आकाओं की संपत्तियां कुर्क

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में आतंकियों और उनके सहयोगियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए पाकिस्तान में बैठकर केंद्र शासित प्रदेश में आंतकी गतिविधियां संचालित कर रहे तीन सरगनाओं की तीन संपत्तियां कुर्क की गईं। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि तीनों संपत्तियां मध्य कश्मीर जिले के खग, चेवा बीरवाह और हरवानी खानसाहिब इलाकों में स्थित हैं। भाषा

### घरेलू हिंसा : पहली और दूसरी शादी में भेद नहीं करता कानून : कोर्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा कि अलग रह रहे जीवनसाथी को गुजारा भत्ता देने के मामले में घरेलू हिंसा कानून पहली व दूसरी शादी में अंतर नहीं करता। न्यायमूर्ति स्वर्णा कांता शर्मा ने 15 जुलाई को कहा कि जब कोई व्यक्ति स्वेच्छा से अपनी साथी से विवाह कर लेता है और उसे तथा उसके पिछले विवाह से हुए बच्चों को स्वीकार कर लेता है, तो वह बाद में अपने वैधानिक दायित्वों से पीछे नहीं हट सकता। भाषा

### झारखंड में नक्सली ढेर सीआरपीएफ जवान शहीद

**बोकारो।** झारखंड के बोकारो में हुई मुठभेड़ में 5 लाख रुपये का इनामी नक्सली मारा गया। इस दौरान केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक जवान की भी जान चली गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। मुठभेड़ के दौरान एक आम नागरिक की भी जान चली गई है। पुलिस ने पहले उसकी पहचान एक अन्य नक्सली के रूप में की थी। भाषा

### सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मप्र के नीट यूजी छात्रों का मामला

**भोपाल।** मप्र के कुछ परीक्षा केंद्रों पर नीट यूजी 2025 के दौरान बिजली कटौती से परेशान हुए अभ्यर्थियों के लिए दोबारा परीक्षा कराने की मांग वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए हामी भर दी है। याचिका उस फैसले के खिलाफ दायर की है जिसमें दोबारा परीक्षा कराने से इनकार कर दिया गया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ अगले सप्ताह सुनवाई करेगी।

## केंद्रीय कैबिनेट के अहम फैसले : कम कृषि उत्पादन वाले 100 जिलों पर फोकस

# पीएम धन-धान्य कृषि योजना भरेगी किसानों की झोली, हर साल खर्च होंगे 24,000 करोड़

### 1.7 करोड़ से अधिक किसानों को होगा बड़ा फायदा

**इस योजना में 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं को समाहित किया**

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने किसानों की झोली भरने के लिए 100 जिलों में कृषि क्षेत्र के प्रोत्साहन के लिए सालाना 24,000 करोड़ रुपये के आवंटन वाली 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को बुधवार को मंजूरी दे दी। छह साल तक चलने वाली इस योजना से करीब 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। यह योजना 2025-26 के बजट में कृषि उत्पादकता बढ़ाने, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाने के लिए 100 जिलों के विकास की घोषणा के अनुरूप है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए इस निर्णय की जानकारी दी। वैष्णव ने कहा कि यह योजना 11 विभागों की 36 मौजूदा योजनाओं, अन्य राज्य योजनाओं और निजी क्षेत्र के साथ स्थानीय भागीदारी को समाहित कर कार्यान्वित की जाएगी। योजना 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक चलेगी। देश के 100 कम कृषि उत्पादन वाले जिलों के किसानों को विशेष सुविधाएं दी जाएंगी। योजना का उद्देश्य कृषि उत्पादकता बढ़ाना, फसल विविधीकरण और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को अपनाना, पंचायत एवं ब्लॉक स्तर पर फसलों की कटाई के बाद अनाज भंडारण बढ़ाना, सिंचाई सुविधाओं में सुधार और किसानों के लिए दीर्घकालिक एवं अल्पकालिक ऋण की उपलब्धता सुगम बनाना है।



### योजना के तहत यह किया जाएगा

- **फसल विविधता पर फोकस:** पीएम धन-धान्य कृषि योजना में ज्यादा पैदावार, फसल विविधता पर फोकस किया जाएगा। इससे खेती की उत्पादकता बढ़ेगी। किसानों को गेहूं-धान के बजाय दूसरी फसलों और टिकाऊ कृषि तरीके अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।
- **पंचायत और ब्लॉक स्तर पर भंडारण :** कटाई के बाद उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए पंचायत-स्तर और ब्लॉक-स्तर पर गोदाम, कोल्ड स्टोरेज और वैल्यू ऐडिशन यूनिट्स बनाई जाएंगी।
- **बेहतर सिंचाई व ऋण व्यवस्था :** हर किसान तक सस्ता कर्ज और सिंचाई सुविधाएं पहुंचेंगी।
- **प्राकृतिक और ऑर्गेनिक खेती :** मिट्टी-पानी संरक्षण, जैविक खेती और जल की बचत पर खास फोकस होगा, जिससे किसान के खर्च घटें और आमदनी बढ़े।
- **36 योजनाओं का एकीकरण:** प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना में कुल 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं को मिलाया जाएगा, साथ में राज्य की योजनाएं और निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जोड़ी जाएगी।
- **हर जिले में धन-धान्य समिति :** प्लानिंग व मॉनिटरिंग के लिए हर जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों को जोड़कर समिति बनाई जाएगी।
- **डिजिटल डैशबोर्ड :** 117 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर महीने-दर-महीने हर जिलें के प्रोग्रेस की निगरानी होगी। नीति आयोग और केंद्रीय अधिकारी भी समय-समय पर समीक्षा करेंगे।
- **जिला कृषि समिति :** हर जिले का अपना 'डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चर एंड अलाइड एक्टिविटीज प्लान तैयार होगा, उसमें स्थानीय जरूरत और ताकत के हिसाब से फसल, सिंचाई, भंडारण की रणनीति तय होगी।

### एनटीपीसी के लिए 20,000 करोड़ और एनएलसी इंडिया के लिए 7000 करोड़ का फंड

**पहला :** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी की निवेश सीमा बढ़ाकर 20,000 करोड़ रुपये कर दी। इस फंड का इस्तेमाल रिन्यूएबल एनर्जी प्रोजेक्ट्स जैसे सोलर, विंड, ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश के लिए किया जाएगा। एनटीपीसी 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल कर सकेगी। महारत्न कंपनी की नवीकरणीय ऊर्जा के लिए मौजूदा निवेश सीमा 7,500 करोड़ रुपये है।

**दूसरा :** सार्वजनिक क्षेत्र की एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) को देश में नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाने के लिए अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनआईआरएल में 7,000 करोड़ रुपये के निवेश की अनुमति दे दी। इस निर्णय से एनएलसी इंडिया को 2030 तक 10.11 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता जोड़ने में मदद मिलेगी, जिससे 2047 तक यह क्षमता 32 गीगावाट हो जाएगी।

## नाटो ने भारत, चीन और ब्राजील पर दी 100% टैरिफ लगाने की धमकी

**रूट बोले-रूस को जंग रोकने के लिए कहें, वरना नतीजे गंभीर** | **रूस के साथ व्यापार जारी रखने से भारी नुकसान होगा** | **पुतिन पर डालें दबाव, रूस को अपनी नीतियां बदलनी होंगी**

**ब्रसेल्स (एजेंसी)।** नाटो देशों ने भारत, चीन और ब्राजील पर 100% टैरिफ लगाने की धमकी दी है। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बुधवार को कहा कि अगर आप चीन के राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री या ब्राजील के राष्ट्रपति हैं, तो आपको यह समझना होगा कि रूस के साथ व्यापार जारी रखने का भारी नुकसान हो सकता है। रूट ने अमेरिकी सीनेटरों से मुलाकात के बाद पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि इन तीनों देशों को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन पर दबाव डालना चाहिए, ताकि वह शांति वार्ता को गंभीरता से लें। रूट ने तीनों देशों पर सेकेंडरी प्रतिबंध लगाने की भी धमकी दी है। अगर ये देश रूस से तेल और गैस खरीदना जारी रखते हैं तो इन देशों पर 100% सेकेंडरी प्रतिबंध लगाए जाएंगे। नाटो महासचिव की यह चेतावनी उस समय आई है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यूक्रेन को नए हथियार देने और रूस के व्यापारिक साझीदारों पर भारी टैक्स लगाने की घोषणा की है। अमेरिका अब यूक्रेन को पैट्रियट मिसाइल जैसे आधुनिक हथियार देने वाला है, ताकि वह रूस के हमलों से बच सके।



### रूस बोला- अपनी नीतियां नहीं बदलेंगे

रूसी उप विदेश मंत्री सर्गेई रियाबकोव ने अमेरिका और नाटो की धमकियों को खारिज किया। उन्होंने कहा, रूस ट्रम्प के साथ बातचीत के लिए तैयार है, लेकिन इस तरह के अल्टीमेटम मंजूर नहीं हैं। रियाबकोव ने कहा कि रूस आर्थिक दबाव के बावजूद अपनी नीतियां नहीं बदलेगा और ऑप्शनल बिजनेस रूट तलाशेगा।

### भारत पर असर

भारत रूस से कच्चे तेल का एक बड़ा खरीदार है। रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद से भारत ने रूस से सस्ता तेल खरीदकर अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा किया है। अगर सेकेंडरी प्रतिबंध लागू होते हैं, तो भारत पर इसके बुरे प्रभाव पड़ सकते हैं। इससे तेल आपूर्ति में रुकावट होगी। आर्थिक नुकसान झेलना पड़ेगा। इससे ऊर्जा संकट गहरा सकता है।

## बाबर निर्मम, अकबर क्रूर-सहिष्णु तो औरंगजेब मंदिर-गुरुद्वारे तोड़ने वाला

**एनसीईआरटी ने 8वीं की किताब में किए बदलाव नए अंदाज में पढ़ाएंगे मुगलों का इतिहास**

नई दिल्ली (भाषा)। एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की नई पाठ्यपुस्तक में मुगल सम्राटों के शासनकाल का वर्णन करते हुए कहा है कि अकबर का शासन 'क्रूरता' और 'सहिष्णुता' का मिश्रण था, बाबर एक 'निर्मम आक्रमणकारी' था, जबकि औरंगजेब एक 'सैन्य शासक' था, जिसने गैर-मुस्लिमों पर जजिया कर लगा दिया था और मंदिर-गुरुद्वारों को तोड़ने का काम किया। इस सप्ताह प्रकाशित पुस्तक 'एक्सप्लोरिंग सोसाइटी: इंडिया एंड बियॉन्ड'' एनसीईआरटी (राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और परीक्षण परिषद) के नए पाठ्यक्रम की पहली पुस्तक है, जो विद्यार्थियों को दिल्ली सल्तनत, मुगलों, मराठों और औपनिवेशिक युग से परिचित कराती है। पहले के संस्करणों में कक्षा 7 में इनमें से कुछ विषयों को शामिल किया था। एनसीईआरटी का कहना है कि अब इस कालखंड को पूरी तरह से कक्षा 8 में स्थानांतरित कर दिया गया है, जो स्कूल शिक्षा के लिए राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (एनसीएफएसई) 2023 की सिफारिशों के अनुरूप है।

## राजस्थान में 9 साल की बच्ची की कार्डियक अरेस्ट से मौत

**सीकर (एजेंसी)।** राजस्थान के सीकर में बुधवार को 9 साल की बच्ची की कार्डियक अरेस्ट से मौत हो गई। बच्ची दांतारामगढ़ के उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में पढ़ती थी। स्कूल में वह टिफिन खोलते समय वह जमीन पर गिर गई। स्कूल स्टाफ उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गया। जहां से उसे सीकर अस्पताल रेफर कर दिया। रास्ते में उसकी मौत हो गई। स्कूल के प्रिंसिपल नंदकिशोर ने बताया- बच्ची प्राची कुमावत (9) चौथी क्लास में पढ़ती थी। सुबह 11 बजे स्कूल में इंटरवल हुआ था। सभी बच्चे क्लास में खाना खा रहे थे प्राची भी अपना टिफिन खोल रही थी, तभी अचानक जमीन गिर गई और उसका खाना बिखर गया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसकी मौत हो गई।

**स्कूल में टिफिन खोलते समय जमीन पर गिरी चौथी कक्षा में पढ़ती थी प्राची**

## इंडोनेशिया से डील की तरह होगा भारत से व्यापार समझौता : ट्रंप

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन(भाषा)।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि वाशिंगटन भारत के साथ व्यापार समझौते करने के 'बहुत करीब' हैं। ट्रंप ने कहा, भारत के साथ प्रस्तावित व्यापार समझौता इंडोनेशिया के साथ किए गए करार की तरह होगा। अमेरिका-इंडोनेशिया व्यापार समझौते के तहत, दक्षिण-पूर्व एशियाई देश अमेरिकी उत्पादों को अपने बाजार में पूरी पहुंच प्रदान करेगा, जबकि इंडोनेशिया की वस्तुओं पर अमेरिका में 19 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इसके अलावा, इंडोनेशिया ने अमेरिका से 15 अरब डॉलर की ऊर्जा खरीद, 4.5 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद और 50 बोइंग जेट खरीदने की प्रतिबद्धता जताई है।

## माध्यमिक शिक्षा विभाग की 3 सेवाएं अब राइट टू सर्विस एक्ट के दायरे में

- उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की स्टार्टअप पंजीकरण योजना के लिए भी समय-सीमा तय
- निजी विद्यालय को मान्यता प्रदान करने के लिए 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित

**चंडीगढ़ (ब्यूरो)।** हरियाणा सरकार ने माध्यमिक शिक्षा विभाग की 3 सेवाओं, जबकि उद्योग और वाणिज्य विभाग की एक सेवा को अब सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के दायरे में लाते हुए इनकी समय-सीमा तय कर दी है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, अब 8वीं या 10वीं या 12वीं कक्षा तक छात्रावास के साथ या उसके बिना अपेक्षित दस्तावेज पूरे करने पर निजी विद्यालय खोलने की अनुमति के लिए 15 दिन, जबकि निजी विद्यालय को मान्यता प्रदान करने के लिए 45 दिन की समय-सीमा निर्धारित की है।

### इनके लिए भी समय तय

- 8वीं या 10वीं या 12वीं कक्षा तक हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी के अलावा केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, नई दिल्ली अथवा अन्य विद्यालय शिक्षा बोर्ड से सम्बद्धता लिए अनापत्ति प्रमाण पत्र अपेक्षित दस्तावेज पूरे करने के 30 दिन के अन्दर जारी किया जाएगा।
- उद्योग तथा वाणिज्य विभाग के अन्तर्गत स्टार्टअप पंजीकरण योजना के लिए 40 दिन की समय-सीमा निर्धारित की गई है।

## मानसून सत्र में आठ नए विधेयक पेश करने की तैयारी में सरकार

**सोमवार से सत्र शुरू विपक्ष भी तैयार**

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र सरकार ने सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र में आठ नए विधेयकों को पेश करने की योजना बनाई है जिनमें भू-विरासत स्थलों और भू-अवशेषों के संरक्षण और सुरक्षा से संबंधित एक विधेयक भी शामिल है। मानसून सत्र के लिए प्रस्तावित विधेयकों में राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक, भू-विरासत स्थल और भू-अवशेष (संरक्षण और रखरखाव) विधेयक, खान और खनिज (विकास और विनियमन) संशोधन विधेयक और राष्ट्रीय डोपिंग रोधी (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होने वाला है और 21 अगस्त तक दोनों सदनों की कुल 21 बैठकें प्रस्तावित हैं। सत्र के दौरान 12 अगस्त से 18 अगस्त तक रक्षाबंधन और स्वतंत्रता दिवस समारोह के कारण अवकाश रहेगा। सत्र में भाजपा और विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों के बीच तीखी नोकझोंक होने की संभावना है। सरकार और विपक्ष के बीच संभावित टकराव के बिंदुओं में इस वर्ष के अंत में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव से पहले प्रदेश में जारी मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मामला भी शामिल होगा। कांग्रेस और कुछ अन्य विपक्षी दल 'ऑपरेशन सिंदूर' और ट्रंप द्वारा युद्धविराम की मध्यस्थता का दावा किए जाने के विषयों पर सरकार से जवाब मांगने की तैयारी में हैं।

### ये 4 नए बिल

चार अन्य नए विधेयक मणिपुर वस्तु एवं सेवा कर (संशोधन) विधेयक, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक और कराधान कानून (संशोधन) विधेयक हैं। सरकार द्वारा मानसून सत्र के दौरान आयकर विधेयक, 2025 भी पेश किए जाने की उम्मीद है। यह विधेयक फरवरी में लोकसभा में पेश किया गया था और इसे निचले सदन की प्रवर समिति को भेज दिया गया था।

### रिपोर्ट पेश नहीं की तो हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को अदालत में पेश होने के निर्देश

## अदालतों में शौचालयों की कमी से सुप्रीम कोर्ट नाराज, 20 हाईकोर्ट से 8 हफ्ते में रिपोर्ट मांगी

**नई दिल्ली (भाषा)।** देश की अदालतों में शौचालयों जैसी बुनियादी सुविधा की कमी पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। बुधवार को कोर्ट ने नाराजगी जताई कि देश के 25 में से 20 हाईकोर्ट ने अब तक यह नहीं बताया कि उन्होंने टॉयलेट की सुविधा सुधारने के लिए क्या कदम उठाए हैं? शीर्ष कोर्ट ने देश की सभी अदालतों और न्यायाधिकरणों में शौचालय की सुविधा सुनिश्चित करने के उसके फैसले के बाद 20 उच्च न्यायालयों द्वारा अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की और उन्हें ऐसा करने के लिए आठ सप्ताह का समय दिया है।

### रिपोर्ट दाखिल नहीं की तो गंभीर परिणाम होंगे

न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि यह आखिरी मौका है। पीठ ने सख्त लहजे में कहा कि अगले आठ हफ्तों में रिपोर्ट दाखिल न करने पर गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। न्यायालय ने 15 जनवरी के अपने फैसले में कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत उचित 'सैनिटेशन' तक पहुंच को मौलिक अधिकार माना गया है। उच्चतम न्यायालय ने कई निर्देश जारी करते हुए उच्च न्यायालयों, राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों से सभी न्यायालय परिसरों और न्यायाधिकरणों में पुरुषों, महिलाओं, दिव्यांगजनों और ट्रांसजेंडर्स के लिए अलग-अलग शौचालयों की सुविधा सुनिश्चित करने को कहा था। न्यायालय ने साथ ही चार महीने के भीतर स्थिति रिपोर्ट भी मांगी थी।


हर अदालत में पुरुष, महिला, दिव्यांग और ट्रांसजेंडर के लिए अलग टॉयलेट हों

### सिर्फ पांच हाईकोर्ट ने निर्देशों का पालन किया

पीठ ने कहा कि केवल झारखंड, मध्य प्रदेश, कलकत्ता, दिल्ली और पटना उच्च न्यायालयों ने ही निर्देशों का पालन करने के लिए की गई कार्रवाई का विवरण देते हुए हलफनामे दायर किए हैं। देश में 25 उच्च न्यायालय हैं। पीठ ने कहा, कई उच्च न्यायालयों ने अभी तक अपने हलफनामे/अनुपालन रिपोर्ट दाखिल नहीं की हैं... हम उन्हें आठ हफ्तों के भीतर अनुपालन रिपोर्ट दाखिल करने का आखिरी मौका देते हैं। अगर वे स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने में विफल रहते हैं तो उच्च न्यायालयों के रजिस्ट्रार जनरल व्यक्तिगत रूप से अदालत में उपस्थित हों।' शीर्ष अदालत का फैसला अधिवक्ता राजीब कालिता द्वारा दायर जनहित याचिका पर आया।

## केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान और सीएम ने किया गुरुग्राम में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय कैंपस का उद्घाटन

# भारत के विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में हो रहा निरंतर सुधार

## वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर के सिद्धांत का प्रमाण है साउथेम्प्टन विवि कैंपसः सीएम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को गुरुग्राम में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय कैंपस का उद्घाटन किया और विश्वविद्यालय का अवलोकन भी किया। इस मौके पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री प्रधान धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत की विश्वविद्यालयों की वैश्विक रैंकिंग में निरंतर सुधार हो रहा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि देश की राष्ट्रीय शिक्षा नीति की दूरदर्शिता के साथ ही वन अर्थ-वन फैमिली-वन फ्यूचर के सिद्धांत पर अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय के रूप में गुरुग्राम में साउथेम्प्टन विश्वविद्यालय कैंपस की स्थापना भारत में उच्च शिक्षा के मानकों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का सशक्त माध्यम है।




### भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहा

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि प्रधानमंत्री की दूरदृष्टिता और नेतृत्व के चलते भारत की उच्च शिक्षा व्यवस्था में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहा है। विश्व की प्रतिष्ठित क्वाक्वेरेली साइमंड्स (क्यूएस) रैंकिंग में भारतीय विश्वविद्यालयों की उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2014 में क्यूएस रैंकिंग में केवल 11 भारतीय विश्वविद्यालय शामिल थे जबकि वर्तमान में यह संख्या बढ़कर 54 तक पहुंच गई है। यह परिवर्तन भारतीय शिक्षा प्रणाली की गुणवत्ता, नवाचार और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।

### शिक्षा का वैश्विक हब बन रहा हरियाणाः नायब सिंह सैनी

नायब सिंह सैनी ने कहा कि यूनिवर्सिटी ऑफ साउथेम्प्टन का यह परिसर हरियाणा को शिक्षा का वैश्विक हब बनाने में मील का पत्थर साबित होगा। हमारा लक्ष्य हरियाणा को एक ऐसा कौशल हब बनाना है, जहां हमारे युवा न केवल रोजगार पाने वाले हों, बल्कि रोजगार देने वाले बनें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 को वर्ष 2040 तक लागू करने का विजन रखा है। उनके इस विजन को साकार करने के लिए पर्याप्त संख्या में विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थानों का होना जरूरी है।

## मुख्य सचिव ने 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

चंडीगढ़। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने प्रशासनिक सचिवों के साथ 100 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में प्रशासनिक सचिवों ने गृह, सहकारिता, नगर एवं ग्राम आयोजना तथा शहरी स्थानीय निकाय विभागों से जुड़ी, 28,641 करोड़ रुपये से अधिक की 25 परियोजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। मुख्य सचिव रस्तोगी ने अधिकारियों को बाधाओं को तत्परता से दूर करने तथा परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में बताया गया कि गृह विभाग के अंतर्गत पुलिस थानों और चौकियों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की 100 करोड़ रुपये की परियोजना पूरी हो चुकी है। इस पहल से जन सुरक्षा और कानून प्रवर्तन क्षमताओं को उल्लेखनीय रूप से मजबूती मिली है।


### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विरेन्द्र सिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह पुत्र श्री श्रीराम, पताः 276, प्रेम नगर सेक्टर-17, ओल्ड फरीदाबाद हरियाणा ने एफआईआर सं. 148/2024 धारा 420/34 भा.द.स. के तहत** थानाः जैतपुर, नई दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विरेन्द्र सिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विरेन्द्र सिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर सं. 148/2024 धारा 420/34 भा.द.स. के तहत** थानाः जैतपुर, दिल्ली **के उक्त विरेन्द्र सिंह उर्फ बिरेन्द्र सिंह** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
छवि बंसल
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-11
साउथ ईस्ट, कोर्ट नं-09
मुख्य भवन, साकेत कोर्ट, नई दिल्ली

DP/9206/SE/2025



### अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 सीआरपीसी देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **ओम वीर, पुत्र प्रकाश निवासी वीपीओ मोहम्मदपुर माजरा, जिला झज्जर-124103** ने **सीटी. नं.5813/2019 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना के. एन. काटजु मार्ग, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया है कि उक्त अभियुक्त **ओम वीर** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया है कि उक्त अभियुक्त **ओम वीर** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है **कि सीटी. नं.5813/2019 धारा 138 एनआई एक्ट, थाना के. एन. काटजु मार्ग, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **ओम वीर** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **22.09.2025** को या उससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री हिमांशु सहलोथ
न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी-03, उत्तर जिला
कमरा नं.213, रोहिणी कोर्ट्स, दिल्ली

DP/8999/RD/2025


## खबर संक्षेप

### देवेन्द्र सिंह बने शहरी विकास सलाहकार

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी देवेन्द्र सिंह को शहरी विकास सलाहकार नियुक्त किया है। साथ ही, वे महानगर विकास प्राधिकरण, सोनीपत और हिसार की समग्र देखरेख एवं मार्गदर्शन भी करेंगे।

### विस अध्यक्ष ने विभिन्न विषयों पर की चर्चा

चंडीगढ़। हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने बुधवार को पंजाब के राज्यपाल एवं चंडीगढ़ यूटी प्रशासक गुलाब चंद कटारिया और प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों से हरियाणा विधान सभा से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की है। इस दौरान उन्होंने विधायकगणों से लेकर विधान सभा कर्मचारियों के ऑफिस भवन संबंधी आदि की जरूरतों को पूरा करने व ऐसी समस्याओं के निराकरण के लिए आवश्यक कदम उठाने का आग्रह किया।

### स्वास्थ्य ढांचा आबादी के अनुरूप नहीं : डा. दाहिया

चंडीगढ़। जन स्वास्थ्य अभियान हरियाणा से जुड़े डाक्टर रणबीर सिंह दाहिया ने कहा कि राज्य में मौजूदा स्वास्थ्य ढांचे की सुध कम ली जा रही है। उन्होंने पीएचसी, सीएचसी और नागरिक अस्पतालों में खाली पदों पर गहरी चिंता जताई है। उन्होंने बताया कि चिकित्सकों के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों जैसे लैब तकनीशियन, फार्मासिस्ट, स्टाफ नर्स, बहुउद्देशीय स्वास्थ्य कार्यकर्ता इत्यादि की कमी ज्यों की त्यों बनी हुई है। उन्होंने बताया कि जो स्वास्थ्य कर्मचारी पहले से काम कर रहे हैं, उनके शिक्षण व प्रशिक्षण की हालत भी बहुत अच्छी नहीं है।

### भाजपा सरकार में अपराध के मामले बढ़े

चंडीगढ़। जननायक जनता पार्टी के युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला ने कहा है प्रदेश की बदहाल कानून व्यवस्था को लेकर भाजपा सरकार को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि आज प्रदेश के हालात बेहद ज्यादा खराब हो गए है।

## गुरुग्रामः कष्ट निवारण समिति की बैठक में मुख्यमंत्री ने 15 मामले निपटाए

# सफाई व्यवस्था दुरुस्त न रखने पर सेनेटरी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

- सीएम ने दिए स्वच्छ बनाए रखने के निर्देश, पार्षदों से मांगा सक्रिय सहयोग
- गांव बहोड़ा कला में श्मशान के सरकारी रास्ते पर कब्जे की शिकायत पर कार्रवाई करने के दिए निर्देश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम शहर की स्वच्छता को बनाए रखने और इसे निरंतर बेहतर बनाने के लिए निगम पार्षदों की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए पार्षदों से आह्वान किया कि वे निगम अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर शहर की सफाई व्यवस्था को मजबूत करें। सीएम बुधवार को गुरुग्राम में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 18 परिवाद रखे गए, मुख्यमंत्री ने 15 परिवादों का निपटारा करते हुए तीन मामलों को आगामी बैठक तक लंबित रखने के निर्देश दिए और संबंधित अधिकारियों से आगामी बैठक में स्टेट्स रिपोर्ट लेकर आने के निर्देश दिए। बैठक में पूर्व सदस्य एडवोकेट रविन्द्र जैन ने बताया कि सदर बाजार में जैन मंदिर के नजदीक जमा कूड़े को उठाने के लिए कई बार सफाई कर्मियों को संपर्क किया गया, लेकिन अभी भी समस्या का निवारण नहीं हुआ है। सीएम ने निगम कर्मियों की कार्यशैली से नाराजगी जताते हुए संबंधित क्षेत्र के सैनेटरी इंस्पेक्टर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी जनता की समस्याओं के निवारण के लिए अपनी कार्यशैली में बदलाव करें, अन्यथा कार्रवाई के लिए तैयार रहें।



चंडीगढ़। गुरुग्राम में जिला लोक सम्पर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री नायब सैनी। फोटोः हरिभूमि

### मुख्यमंत्री सैनी ने गुरुग्राम के लिए खोला खजाना, 188 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बुधवार को गुरुग्राम के लोक निर्माण विश्रामगृह में जिला के विकास के लिए 188 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने पटौदी विधानसभा क्षेत्र में 55 करोड़ 5 लाख 67 हजार की लागत से बनाए गए पचगांव से फर्रुखनगर वाया जमालपुर डबल लेन मार्ग तथा 13 करोड़ 18 लाख 83 हजार रुपए की लागत से हेलीमंडी, फर्रुखनगर वाया मेहचाना मार्ग के नवीनीकरण का उद्घाटन किया। गुरुग्राम (जीएमडीए) द्वारा चंदू बुढेड़ा में 63 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से बनाए गए 100 एमएलडी क्षमता की नवीन जल परिशोधन यूनिट-4 का उद्घाटन किया।



#### सोहना विधानसभा क्षेत्र को मिली यह सौगातें

मुख्यमंत्री ने सोहना विधानसभा क्षेत्र में 8 करोड़ 23 लाख 19 हजार रुपए की लागत से निर्मित जीए रोड से अलीपुर हरिया हेड़ा मार्ग तथा रायसीना गांव में बने मंदिर रोड का उद्घाटन किया। उन्होंने 32 लाख 63 हजार की लागत से निर्मित बीपीडीएस रोड से नुनेरा, 28 लाख 26 हजार रुपए की लागत से पूर्ण हुए लोह सिंघानी से चमनपुरा रोड का भी उद्घाटन किया। इसी क्रम में सोहना विधानसभा क्षेत्र में 13 करोड़ 34 लाख 53 हजार की राशि से बनने वाले जीए रोड से धुमसपुर वाया नयागांव तथा 16 करोड़ 56 लाख 79 हजार की राशि से बनने वाले सोहना-अभयपुर-लोहटकी-खेडला तथा दमदमा से रिठौज सड़क मार्ग के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास किया।



### साइक्लिस्ट रुचिका सिंह को सीएम सैनी ने बधाई दी

चंडीगढ़। गुरुग्राम जिले की होनहार साइक्लिस्ट रुचिका सिंह ने अमेरिका में आयोजित अंतरराष्ट्रीय साइक्लिंग टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच कांस्य पदक जीतकर न केवल हरियाणा बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया है। बुधवार को गुरुग्राम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिह सैनी ने रुचिका को इस उपलब्धि पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविन्द सैनी और सॉफ्टबॉल के जिला महासचिव विनोद वर्मा व अन्य खेल प्रेमी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि साइक्लिस्ट रुचिका ने बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और बेटी खिलाओ के नारे को किया सार्थक किया है। उन्होंने कहा कि रुचिका ने अपने समर्पण, मेहनत और आत्मविश्वास से यह सिद्ध कर दिया है कि यदि लक्ष्य स्पष्ट हो और निष्ठा के साथ प्रयास किया जाएं तो कोई भी बाधा रास्ता नहीं रोक सकती।


### "सार्वजनिक सूचना"

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एवं अन्य के रूप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29-09-2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सड़कों, सार्वजनिक पार्क या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मन्दिर, चर्च, मस्जिद या गुरुद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नहीं किया जाएगा या अनुमति नहीं दी जाएगी और प्रारंभिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी बाद दिनांक 31-01-2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है।

उक्त आदेशों की पालना में सरकारी भूमि, ग्रीन बेल्ट, सरकारी पार्क, सड़क, फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध धार्मिक संस्थान स्ट्रक्चर, भवन आदि को तुरन्त प्रभाव से हटा लें अन्यथा संबंधित सक्षन प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड़-फोड़ कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जा-खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानों को चलाने वाले अनुयायी स्वंय जिम्मेवार होगें। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरुद्ध दंडात्मक एवं न्यायालय के आदेश की अवमानना की कार्यवाही भी अमल में लाई जाएंगी।

मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार
संवाद 1078/11/761/2026/36672/C/88/6 दि. 16.07.2025


## इनेलो प्रमुख अभय चौटाला को मिली जान की धमकी, बेटे करण ने शिकायत दर्ज कराई



चंडीगढ़(ब्यूरो)। इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) के प्रमुख अभय सिंह चौटाला को जान से मारने की धमकी मिली है। एक अज्ञात व्यक्ति ने उनके बेटे करण को एक ध्वनि संदेश भेजकर चेतावनी दी है कि उनके पिता को उनके रास्ते से दूर रहना चाहिए अन्यथा परिणाम भुगतने होंगे। करण चौटाला ने बुधवार को यहां संवाददाताओं को बताया कि उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस में शिकायत दर्ज करायी है। करण ने बताया कि मंगलवार रात करीब 11 बजे उन्हें एक अनजान नंबर से वॉट्सऐप कॉल आई लेकिन फोनकर्ता ने कुछ सेकंड बाद ही कॉल काट दी। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा कि कुछ देर बाद किसी विदेशी नंबर से उनके मोबाइल पर एक ध्वनि संदेश आया है जिसमें किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके पिता के लिए अनुपयुक्त भाषा का इस्तेमाल किया था।


### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर निगम रोहतक | एमसी रोहतक की सीमाओं में उत्तम विहार में डब्ल्यू-9 में आईपीबी गलियों का निर्माण + 1 कार्य। | 15.07.2025 22.07.2025 | रु. 83,78,543/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 2 | नगर निगम रोहतक | प्रेम नगर वार्ड नं. 8, एम.सी. रोहतक में चहल मेडिकल हॉल वाया सिवाच का मकान वाया हिमालयन स्कूल से राजबीर आटा चक्की टी-प्वाइंट तक सीसी गली का निर्माण + 2 कार्य। | 15.07.2025 22.07.2025 | रु. 93,14,318/- | https://etenders.hry.nic.in | 9467283967 xenmcrohtak@gmail.com |
| 3 | नगर निगम रोहतक | सेक्टर-4 वार्ड नं. 9, एम.सी. रोहतक में एच/ओ 10 के सामने और रणबीर छिल्लर प्रधान आरडब्ल्यूए के मकान के निकट पार्क के अपग्रेडेशन और ग्रीन बैल्ट चारदिवारी को ऊपर उठाने हेतु आकलन। | 15.07.2025 22.07.2025 | रु. 21,77,808/- | https://etenders.hry.nic.in | 8708374707 xenmcrohtak@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2026/60/36663/I/88/6 दि. 16.07.25



### MUNICIPAL COMMITTEE MAHENDERGARH
e-mail-secy-mgarh@ulbharyana.gov.in

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालया भारत संघ बनाम गुजरात राज्य एवं अन्य के रूप में विशेष अपील (सी) संख्या 8519/2006 में पारित दिनांक 29.09.2009 के आदेश के तहत निर्देश दिया गया कि उस तिथि के बाद सार्वजनिक सड़कों, सार्वजनिक पार्को या सार्वजनिक स्थानों आदि पर मंदिर, चर्च, मस्जिद या गुरूद्वारा आदि के नाम पर कोई अनाधिकृत निर्माण नही किया जाएगा या अनुमति नही दी जाएगी और प्रारंभिक रूप से रिपोर्ट मांगने और कार्यान्वयन की निगरानी के बाद दिनांक 31.01.2018 के आदेश के तहत मामलों को प्रभावी तरीके से अपने आदेशों के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए संबंधित उच्च न्यायालय को भेज दिया है।

उच्च आदेशों के पालन में सरकारी भूमि, ग्रीन बेल्ट, सरकारी पार्क, सड़क फुटपाथ इत्यादि पर बने अवैध धार्मिक संस्थान स्ट्रक्चर, भवन आदि को तुरन्त प्रभाव से हटा लें अन्यथा संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवनों को तोड-फोड़ कर हटा दिया जाएगा, जिसमें होने वाले हर्जा-खर्चा के लिए उपरोक्त संस्थानों का चलाने वाले अनुयायी स्वयं जिम्मेवार होंगे। इसके अतिरिक्त संबंधित के विरूद्ध दंडात्मक एवं न्यायालय के आदेशों की अवमानना की कार्यवाही भी अमल में लाई जाएगी।

सचिव,
नगरपालिका महेन्द्रगढ़।


### नाबार्ड ग्रामीण विकास और किसान सशक्तिकरण का मजबूत आधार बना



चंडीगढ़। हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि किसान की समृद्धि के बिना विकसित भारत की कल्पना अधूरी है और इस दिशा में नाबार्ड की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। हरियाणा न केवल देश की खाद्य सुरक्षा का आधार है, बल्कि कृषि नवाचार, फसल विविधीकरण और प्रसंस्करण आधारित खेती में भी अग्रणी राज्य बन चुका है। ऐसे में नाबार्ड की उपस्थिति हरियाणा के समग्र ग्रामीण विकास में एक उत्प्रेरक की भूमिका निभा रही है। पैक्स कम्प्यूटरीकरण, केसीसी का डिजिटलीकरण, एफपीओ, जेएलजी व एसएचजी नेटवर्क की मजबूती और सहकारी संस्थाओं को तकनीकी प्रशिक्षण व समर्थन देने जैसे अनेक आयामों में नाबार्ड का योगदान बहुआयामी और दूरगामी रहा है।

### किसानों को नहीं आने दी जाएगी खाद की दिक्कतः राणा

चंडीगढ़। हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार हमेशा किसान हितैषी रही है और उनका भी यही प्रयास रहा है कि किसानों को खाद इत्यादि में किसी प्रकार की दिक्कत न आए। वे आज यमुनानगर में पत्रकारों के सवालों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि वे किसानों से बातचीत करते रहते हैं और जहां पर खाद आदि की जरूरत होती है तो वे प्रशासन के अधिकारियों को किसानों के लिए उपलब्ध करवाने के निर्देश भी देते रहते हैं। प्रदेश में वर्तमान में खाद की कोई कमी नहीं है। राणा ने बताया कि डीएपी खाद विदेश से आयात किया जाता है और प्रतिदिन ट्रेन के माध्यम से प्रदेश में विभिन्न जिलों में डीएपी के साथ-साथ यूरिया खाद वितरित किया जाता है। उन्होंने बताया कि खाद की डिमांड को देखते हुए सोसाइटियों एवं प्राइवेट खाद एजेंसियों पर खाद का स्टॉक भी रखना पड़ता है।


### हरियाणा लोक सेवा आयोग
बेज नं. 1-10, ब्लॉक-बी, सेक्टर-4, पंचकूला

### घोषणा

सभी उम्मीदवारों की जानकारी हेतु एतद द्वारा यह घोषणा की जाती है कि आयोग ने इसकी घोषणा दिनांक 03.06.2025 के तहत हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) के पदों (विज्ञा. सं. 52/2024) के लिए स्क्रीनिंग टेस्ट जो 01.06.2025 को (प्रातःकालीन सत्र) आयोजित किया जाना था, निरस्त कर दिया था। अब, आयोग ने उपरोक्त स्क्रीनिंग टेस्ट्स नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप पुनःआयोजित करने का निर्णय लिया है :-

| क्र. सं. | पद एवं विभाग का नाम | विज्ञा. सं. | परीक्षा का प्रकार | परीक्षा की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा में हिन्दी विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर (कॉलेज कैडर) | 52/2024 | स्क्रीनिंग टेस्ट | 10.08.2025 (प्रातःकालीन सत्र) |

दिनांक : 16.07.2025
हस्ता/- उप सचिव
हरियाणा लोक सेवा आयोग, पंचकूला
संवाद-1156/13/337/2026/36673/88/6 दि. 16.07.25


## सीईटी की परीक्षा के सफल संचालन के लिए मुख्य प्रधान सचिव ने ली बैठक

# परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए हर जिले में हेल्पलाइन नम्बर किया जाएगा जारी

**9200 बसें लगाई जाएंगी**

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर ने कहा कि आगामी 26 और 27 जुलाई को होने वाली सीईटी ग्रुप सी की परीक्षा के सफल संचालन में सभी अधिकारी-कर्मचारी परीक्षार्थियों का हर संभव सहयोग करें। किसी भी रूप से परीक्षार्थियों को परेशानी न हो। मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर की अध्यक्षता में यहां सीईटी की परीक्षा की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई । बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी सहित अन्य उच्चाधिकारियों उपस्थित रहे। इसके अलावा, सभी मंडलायुक्त, जिला उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुडे। राजेश खुल्लर ने बैठक में निर्देश दिए कि प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की जाए और दिव्यांग परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्रों पर छोड़ने के लिए अलग से व्यवस्था की जाए। सीईटी -2025 के लिए 9200 बसें लगाई जाएगी।





### हरियाणा सरकार निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प पलवल | पलवल जिले में कार्य कार्यक्रम 2025-26 के तहत (हैड 5054-ग्रुप-9 के तहत) (जीएसटी के बिना) प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा पलवल में होडल निर्वाचन क्षेत्र में रसुलपुर से जाटोली सैक्ट. कि.मी. 7.00 से 15.50 (आईडी 3491) पर सीसीबी और सीसीपी पुनः बिछाना, डीबीएम जमा बीसी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत। | बंद होने की तिथि 28.07.2025 | 525.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466219169 pwd-eepd-palwal@hry.nic.in |
| 2 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, रोहतक | जल सेवाएं यांत्रिकी उपमंडल, गोहाना में गांव बरोदा में बाढ़ सुरक्षा कार्य के लिए नये पम्पों की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन। | बंद होने की तिथि 24.07.2025 | 28.02 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com |
| 3 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी | बाढ़ ऋतु 2025-26 के दौरान विभिन्न बाढ़ स्थलों पर स्थापित इलैक्ट्रो मैकेनिकल उपकरणों का प्रचालन व रखरखाव और देखभाल के लिए हैल्पर / चौकीदार / ऑपरेटर का प्रावधान। | बंद होने की तिथि 21.07.2025 | 66.50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01250-220058 xenlwsmech@gmail.com |
| 4 | वन विभाग, सिरसा | सिरसा मण्डल के 11 ब्लॉक में प्रोसोपिस जूलिफ्लोरा और डब्ल्यूबीआई न्यू प्लांटेशन / रखरखाव कार्य। | बंद होने की तिथि 18.07.2025 | 78.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416029545 forest_sirsa@yahoo.com |
| 5 | पंचायती राज झज्जर | 7.11 - कलोई ब्लॉक व जिला झज्जर में श्रीराम धर्मशाला में कमरे का निर्माण। | 14.07.2025 21.07.2025 | 5.97 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 6 | पंचायती राज कैथल | गांव माजरी में पार्क-सह-व्यायामशाला का निर्माण + 1 कार्य। | 14.07.2025 21.07.2025 | 74.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 7 | पंचायती राज कैथल | आर/वॉल (पाई) ब्लॉक पुण्डरी का निर्माण। | 14.07.2025 21.07.2025 | 11.67 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1746234748 prexeeng.Ktl@hry.nic.in |
| 8 | पंचायती राज नारनौल | गांव रावता की ढाणी, ब्लॉक निजामपुर में शमशान घाट में पानी की टंकी और शैड का निर्माण (डीएमएफ) + 8 कार्य। | 11.07.2025 21.07.2025 | 282.46 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच-11/2026/160/36670/I/88/6 दि. 16.07.25




## खबर संक्षेप

### डबवाली में लव मैरिज विवाद में जीजा की हत्या

**डबवाली।** साले की लव मैरिज को लेकर खफा लव मैरिज करने वाली लड़की के परिजनों की मारपीट में घायल डबवाली निवासी संदीप ने बठिंडा में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया है। गौरतलब है कि 9 जुलाई को सिरसा रोड पर संदीप पर हमला हुआ था। संदीप के साले ने डबवाली की एक लडक़ी से की थी लव मैरिज की थी।इस बात से लडक़ी का परिवार खफा था और आरोप है कि लडक़ी के भाई तथा अन्य ने मिलकर लव मैरिज करने वाले लडक़े के जीजा संदीप पर रंजिशन हमला किया। पुलिस ने इस बाबत पहले से दर्ज मुकदमें में अब हत्या की धारा जोड़ दी है।

### विश्वास फाउंडेशन ने ट्री गार्ड के साथ रोपे पौधे

**चंडीगढ़।** विश्वास फाउंडेशन पंचकूला द्वारा गुरुदेव स्वामी विश्वास जी के आशीर्वाद से व मनीमाजरा के पर्यावरण प्रेमी तरसेम गोयल के सहयोग से चंडीगढ़ के विकास नगर हल्लोमाजरा रोड़ के आसपास ट्री गार्ड के साथ 50 पौधे रोपे। पौधारोपण की शुरुआत सुबह 6:30 बजे भारी बरसात में संस्था की अध्यक्ष साध्वी नीलिमा विश्वास ने पौधा लगाकर की। इनमें 3 तरह की किसम के पौधे रोपे गए।

# रेवाड़ी में गोरक्षकों ने लगाई जान की बाजी तस्करों ने चलती गाड़ी से फेंके कई गोवंश

**सूचना पर पुलिस पहुंची, परंतु गोतस्करों की गाड़ी का पीछा तक नहीं किया**

**तस्करों ने गोरक्षों की गाड़ी पर ही कांच की बोतलें फेंकीं। उधर, पुलिस ने केस दर्ज करने की बजाय मामले को रफा-दफा कर दिया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

गोतस्करों पर शिकंजा कसने में जिला पुलिस किस तरह से गंभीर है, उसका अंदाजा मंगलवार की रात हुए घटनाक्रम से आसानी से लगाया जा सकता है। गोतस्करों ने रोहतक नेशनल हाइवे पर गोवंशों को ले जा रही पिकअप गाड़ी का पीछा करना शुरू किया, तो तस्करों ने गोरक्षों की गाड़ी पर ही कांच की बोतलें फेंकना शुरू कर दिया। एक के बाद एक चार गोवंशों को चलती गाड़ी से सड़क पर फेंक दिया। चारों गोवंश जख्मी हो गए। डायल-112 पर कॉल करने के बाद पुलिस पहुंच तो गई, परंतु गोतस्करों को काबू करने के कोई खास प्रयास नहीं किए। गोतस्कर एक गोवंश को लेकर फरार होने में कामयाब हो गए। इतना ही नहीं, बाद में पुलिस ने केस दर्ज करने की बजाय मामले को रफा-दफा कर दिया।




रेवाड़ी। हाइवे पर गाड़ी से पशु को फेंकते गो-तस्कर व पीछा करती गोरक्षक दल की गाड़ी। फोटो: हरिभूमि

### पिकअप में पांच गोवंश निर्ममता से भरी हुई थीं

रात को बजरंग दल के सदस्य व गोरक्षक टिंकू अपनी टीम के साथ गाड़ी लेकर रोहतक हाइवे पर गोकलगढ़ के पास मौजूद थे। इसी दौरान संदेह के आधार पर उन्होंने पिकअप गाड़ी के पीछे अपनी गाड़ी लगा दी। पिकअप गाड़ी में पांच गोवंश निर्ममता से भरी हुई थीं। पीछा करना शुरू करने के बाद पिकअप में सवार लोगों ने गाड़ी का डाला खोलकर एक के बाद एक गोवंश को गाड़ी से नीचे फेंकना शुरू कर दिया। तीन को गंगायचा टोल प्लाजा के पास व एक को मस्तापुर के पास चलती पिकअप गाड़ी से नीचे डाल दिया। गोरक्षकों ने गाड़ी का पीछा करते-करते डायल-112 पर सूचना दी। इसी बीच पिकअप में सवार लोगों ने टिंकू की गाड़ी के सामने कांच की बोतलें फेंकना शुरू कर दिया। इससे उनकी गाड़ी का टायर फट गया। इसके बाद गाड़ी पलटते-पलटते बच गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, परंतु तब तक गोतस्कर खेड़ा आलमपुर व आशियाकी गांव के रास्ते से पटौदी की ओर भागने में कामयाब हो गए। गोरक्षकों के अनुसार भागते समय पांचवां गोवंश गाड़ी से आधा बाहर लटक रहा था। गोरक्षकों में पिकअप से गिरने के बाद जख्मी हुए गोवंशों को झज्जर गोशाला भिजवा दिया।



रेवाड़ी। गो-तस्करों की ओर से गाड़ी से फेंकने पर घायल गोवंश।



रेवाड़ी। गो-तस्करों की ओर से गाड़ी से फेंकने पर घायल गोवंश।



रेवाड़ी। रोहतक नेशनल हाइवे पर पशुओं को ले जा रही पिकअप गाड़ी का पीछा करने के दौरान गो-रक्षक दल की गाड़ी का फटा टायर।

### केस के लिए शिकायत का इंतजार

चार गोवंश जख्मी होकर झज्जर गोशाला पहुंचे हैं, परंतु पुलिस ने केस तक दर्ज करना जरूरी नहीं समझा। बजरंग दल के सदस्य और गोरक्षक टिंकू ने बताया कि वह केस दर्ज कराने के लिए सदर थाना गए थे। वहां जवाब दिया गया कि गाड़ी का पीछा करने से पहले पुलिस को सूचना देनी चाहिए थी। केस दर्ज करने की बजाय उसे भविष्य में पहले सूचना देने की बात कहते हुए बैरंग लौटा दिया। यह पुलिस की गोतस्करी रोकने के प्रति सजगता की पोल खोलने के लिए काफी है।

### गोतस्करों का पीछा गाड़ी का टायर फटने तक किया

गौर करने लायक बात यह है कि गोरक्षकों ने जान की बाजी लगाकर गोतस्करों का पीछा गाड़ी का टायर फटने तक किया। पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंच तो गई, परंतु नाकेबंदी करते हुए गोतस्करों को काबू करने की दिशा में कोई प्रयास नहीं किए। गोरक्षकों का मानना है कि अगर पुलिस जरा सी तत्परता दिखाती, तो गोतस्करों को काबू किया जा सकता था। नजदीक पहुंचने के बाद पुलिस से गोतस्करों का बचकर निकल जाना पुलिस की कार्यशैली पर सवालिया निशान लगा रहा है।

---

**डिवाइडर से कूदकर ट्रक ने स्कूटी को मारी टक्कर**

# हादसे में गर्भवती, पति व बेटे की दर्दनाक मौत



रेवाड़ी। घटना स्थल पर क्षतिग्रस्त स्कूटी। मृतक दंपत्ति व बच्चे का फाईल फोटो।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी

दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे पर आसलवास फ्लाईओवर से कुछ दूरी पर बुधवार तड़के डिवाडर कूदकर ट्रक ने स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार गर्भवती महिला, पति और बेटे की मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद तीनों शव परिजनों को सौंप दिए। दिल्ली के रघुबीरपुरा निवासी 32 वर्षीय अमित बावल एरिया में धोबी का कार्य करता था।

तड़के स्कूटी पर पत्नी राखी और सात साल के बेटे चत्र कुमार को लेकर दिल्ली जा रहा था। जब वह आसलवास के पास पहुंचा, तो दिल्ली की ओर से आ रहे एक ट्रक का संतुलन बिगड़ गया। ट्रक डिवाइडर कूदने के बाद स्कूटी से टकरा गया। इससे स्कूटी सवार अमित, उसकी पत्नी व बेटा सड़क पर गिए गए। तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शव गृह में रखवा दिया। परिजनों के आने के बाद पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम करा दिया। हादसे के बाद चालक ट्रक छोड़कर मौके से फरार होने में कामयाब हो गया।

### पेट में पल रहा था बच्चा

राखी लगभग सात माह की गर्भवती बताई जा रही है। उसकी मौत के साथ ही पेट में पल रहा मासूम भी संसार में आने से पहले ही काल के गाल में समा गया। अमित के एक बेटा और है, जो हादसे के समय उनके साथ नहीं था। बताया जा रहा है कि अमित ने कुछ समय पहले ही बावल एरिया में पत्नी के साथ आकर धोबी का कार्य शुरू किया था। वहीं डिवाइडर कूदकर बेकाबू हुआ ट्रक स्कूटी को टक्कर मारने के बाद ढाबे की ओर घुस गया, जिससे ढाबा संचालक बाल-बाल बच गया।

---

# सरकार की लापरवाही से प्रदेश के सभी शहरों में हो रहा जलभराव: कुमारी सैलजा



■ कई शहरों में बाढ़ जैसे हालात, सिरसा में करोडों रुपये खर्च करके भी नहीं मिली जलभराव से मुक्ति

**चंडीगढ़।** सांसद सैलजा ने कहा है कि हरियाणा सरकार और जन स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के चलते मानसून की पहली ही बरसात में प्रदेश के लगभग सभी शहरों के साथ साथ सिरसा में जलभराव से बाढ़ जैसी स्थिति पैदा हो गई है। शहर के कई इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया है, जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है। इस हालात से अमृत योजना और स्मार्ट सिटी योजना में भ्रष्टाचार और लापरवाही उजागर हो रही है साथ ही भाजपा सरकार का खोखला विकास मॉडल बरसात ने धोकर रख दिया है। सड़को में गड्ढे बन गए है कॉलोनियां झील बन गईं है, ऐसे हालात में आमजन का जीवन-यापन दूभर हो गया। बारिश ने हरियाणा में भाजपा सरकार के तथाकथित विकास कार्यों की सच्चाई उजागर कर दी है।

---

# भाजपा सरकार के घोटाले की लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही : हुड्डा



**चंडीगढ़।** पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि सरकार के घोटाले की लिस्ट लगातार लंबी होती जा रही है। अब इसमें सैकड़ों करोड़ रुपये का मिड डे मील घोटाला भी जुड़ गया है। सूबे में कई साल तक सरकारी स्कूलों के भीतर फर्जी दाखिले दिखाकर सैकड़ों करोड़ की लूट की गई। नीचे से लेकर ऊपर तक मिलीभगत करके सरकारी स्कूलों में 4 लाख फर्जी दाखिले दिखाए गए और उनके नाम पर 300 करोड़ के मिड डे मील का घोटाला किया गया। 2017 में हाइकोर्ट के आदेश पर यह जांच शुरू हुई थी इस मामले में सिर्फ 2015 और 2016 के बीच की ही जांच हुई है। बच्चों व मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखकर जांच को 2025 तक बढ़ाया जाए तो मिड डे मील से लेकर वजीफा तक, सैकड़ो हजारों करोड़ के कई और घोटाले उजागर होंगे।

---

# सीईटी के लिए लगभग 1500 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए

**चंडीगढ़।** हरियाणा राज्य परिवहन के प्रवक्ता ने बताया कि सीईटी-2025 परीक्षा के सफल संचालन के लिए विभाग द्वारा व्यापक परिवहन योजना तैयार की है। यह परीक्षा आगामी 26 और 27 जुलाई को आयोजित की जाएगी, जिसमें चार पालियों में लगभग 14 लाख परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रवक्ता ने बताया कि परीक्षा हेतु लगभग 1500 परीक्षा केंद्र स्थापित किए गए हैं, जो हरियाणा के 22 जिलों और चंडीगढ़ में स्थित हैं। परीक्षार्थियों की सुगम और समय पर आवाजाही सुनिश्चित करने के लिए विभाग द्वारा लगभग 9200 रोडवेज बसों की तैनाती की जा रही है। यह बसें राज्य के 24 डिपो और 13 उप-डिपो से संचालित की जाएंगी। प्रत्येक जिला प्रशासन को प्रमुख गांवों और शहरों से परीक्षा केंद्रों तक शटल बस सेवाओं के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी गई है, ताकि स्थानीय स्तर पर समुचित व्यवस्था की जा सके।

---

**अंतरराज्यीय साइबर ठगी गिरोह का पर्दाफाश**

# फतेहाबाद पुलिस ने नगालैंड से तीन पकड़े

■ अनजान लिंक भेजकर करते थे फ्रॉड, देश के अन्य राज्यों के सैकड़ों लोगों से भी कर चुके हैं ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद

साइबर अपराधों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत फतेहाबाद पुलिस की विशेष टीम ने यहां से 2700 किलोमीटर दूर नगालैंड की राजधानी कोहिमा में दबिश देकर संगठित साइबर ठग गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को काबू किया है, जो फिशिंग लिंक भेजकर लगों के खातों से अवैध रूप से धन की निकासी करते थे। यह गिरोह देश के अन्य राज्यों में भी सक्रिय था और सैकड़ों लोगों को अपना शिकार बना चुका है। कड़े गए लोगों की पहचान निजामुद्दीन पुत्र मुआसर, मोमिन अहमद पुत्र अब्दुल सलाम, हुसन अहमद पुत्र जमालुद्दीन तीनों निवासी जिला करीमगंज, असम हाल कोहिमा, नगालैंड के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से एक एप्पल मोबाइल फोन बरामद किया है, जिसकी तकनीकी जांच जारी है। प्रारंभिक जांच में यह खुलासा हुआ है कि गिरोह अब तक लाखों की ठगी कर चुका है।



फतेहाबाद। पुलिस गिरफ्त में नागालैंड से पकड़े गए साइबर ठग। फोटो: हरिभूमि

### 75,900 की धोखाधड़ी की थी

फतेहाबाद थाना साइबर प्रभारी निरीक्षक राहुल कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई शिकायतकर्ता जोगिन्द्र कुमार, निवासी शिव नगर, फतेहाबाद की शिकायत के आधार पर की गई, जो वर्तमान में हरियाणा पुलिस में सिपाही के पद पर फरीदाबाद में कार्यरत हैं। उनकी शिकायत के अनुसार 9 दिसंबर 2024 को उनके फोन पर एक अज्ञात लिंक प्राप्त हुआ, जिस पर क्लिक करने के बाद एक एपीके फाइल डाउनलोड हो गई। उनका मोबाइल साइबर ठगों के नियंत्रण में चला गया और उनके एचडीएफसी बैंक क्रेडिट कार्ड से 75,900 की धोखाधड़ी कर ली गई। शिकायत पर कार्रवाई करते हुए थाना साइबर क्राइम फतेहाबाद में 22 अप्रैल 2025 को धारा 318(4) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया। इस सफल कार्रवाई को अंजाम देने में उप निरीक्षक सतीश कुमार तथा सहायक उप निरीक्षक विनोद कुमार की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपियों से पूछताछ की गई है।

---

# राज्य-चिह्न का दुरुपयोग करने वालों पर होगी कार्रवाई: डॉ. सुमिता मिश्रा

■ केवल अधिकृत उपयोग की अनुमति, उल्लंघनकर्ताओं पर कार्रवाई होगी



**चंडीगढ़।** प्रदेश के गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव, डॉ. सुमिता मिश्रा ने नागरिकों से भारत के राज्य-चिह्न, जो भारत सरकार की आधिकारिक मुहर है, का दुरुपयोग नहीं करने की एक कड़ी सार्वजनिक अपील की है। उन्होंने विशेष रूप से निजी वाहनों, लेटरहेड और साइनबोर्ड पर इस चिह्न के अनधिकृत प्रदर्शन के विरुद्ध चेतावनी दी है, और इस बात पर ज़ोर दिया है कि ऐसा कृत्य कानून का गंभीर उल्लंघन है और इसके लिए कड़ी सज़ा दी जाएगी।डॉ. मिश्रा ने कहा कि भारत का राज्य चिह्न सारनाथ स्थित अशोक के सिंह-स्तंभ का एक रूपांतर है। इस प्रतीक चिह्न का उपयोग भारत के राज्य प्रतीक चिह्न (अनुचित प्रयोग निषेध) अधिनियम, 2005 और (प्रयोग विनियमन) नियम, 2007 द्वारा नियंत्रित होता है, जिसमें 2010 में संशोधन किया गया है। उन्होंने बताया कि ये कानून भारत सरकार द्वारा विशेष रूप से अधिकृत न किए गए व्यक्तियों या संगठनों द्वारा इसके उपयोग पर सख्त प्रतिबंध लगाते हैं।डॉ. मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा कि यह प्रतीक चिह्न व्यक्तिगत पहचान, सामाजिक स्थिति या प्रभाव का प्रतीक नहीं है।

यह केवल संवैधानिक प्राधिकारियों और सरकारी विभागों के लिए आरक्षित है, जहाँ कानून द्वारा अनुमति प्राप्त है। उन्होंने ज़ोर देकर कहा कि 2005 के अधिनियम और 2007 के नियमों के तहत अनधिकृत उपयोग दंडनीय है।

---

# माननीयों का अपमान किया तो अफसरों की खैर नहीं, विस की प्रीवलेज कमेटी ने शुरु की सुनवाई, आधा दर्जन को नोटिस जारी

■ कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक अशोक अरोडा ने कमेटी अध्यक्ष के सामने रखी पूरी बात और वाकये के बारे में पेश किए तथ्य

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा के माननीय सदस्यों के साथ में कुछ अफसरों द्वारा ठीक ढंग से व्यवहार नहीं करने जैसे मामलों को लेकर विस की प्रीवलेज कमेटी गंभीर हो गई है। इस क्रम में थानेसर से कांग्रेस विधायक और पूर्व मंत्री अशोक अरोड़ा के साथ नगर परिषद की बैठक में हुए दुर्व्यवहार मामले में मंगलवार को प्रीवलेज कमेटी की पहली बैठक हुई और इस दौरान अशोक अरोड़ा द्वारा अपना पक्ष रखा गया। कमेटी के सामने उन्होंने पूरे घटनाक्रम रखा और तथ्य भी बताए। कमेटी ने आधा दर्जन को नोटिस जारी किए हैं।

इसमें अफसरों के साथ साथ कुछ आम लोगों को भी तलब किया है। सूत्रों का कहना है कि प्रीवलेज कमेटी के चेयरमैन विधायक और पूर्व मंत्री मूलचंद शर्मा ने सदस्यों के साथ में थानेसर विधायक अशोक अरोड़ा की बात सुनी। कुल मिलाकर अरोड़ा का मामला विधानसभा कमेटी द्वारा सुनवाई के बाद नोटिस जारी होने और दूसरे पक्ष का जवाब आने में समय लगेगा। विस सदस्यों की ओर से इस तरह की शिकायतें दी जा रहीं हैं।

### विस अध्यक्ष खुद मामलों को लेकर गंभीर

अरोड़ा ही नहीं बल्कि कई विधायकों द्वारा शिकायतों करने का सिलसिला चल रहा है। वैसे अरोड़ा के अलावा कांग्रेस के दो अन्य विधायकों- चंद्र प्रकाश आदमपुर सीट और रामकरण काला शाहबाद सीट के साथ भी घटना हुई थी। इस तरह से तीन मामले तो कांग्रेस से संबंधित विधायकों के जुड़े हैं। विस अध्यक्ष खुद विधायकों के मामलों को लेकर गंभीर हैं।

### कांग्रेस विधायक राज्यपाल और स्पीकर से कर चुके मुलाकात

कांग्रेस की ओर से अशोक अरोड़ा और अपने अन्य विधायकों के साथ में हो रहे व्यवहार को लेकर गंभीरता दिखाई जा रही है। मामले में राज्यपाल और विस स्पीकर को भी लिखित शिकायत भी कर न्याच की मांग की गई थी। कुल मिलकार दर्जनभर विधायकों ने मुलाकत कर पूरे मामले को उठाया था। प्रतिनिधिमंडल इस तरह के मामलों को पहले ही विशेषाधिकार हनन का मामला बता गया है।स्पीकर ने जांच करवाने के बाद सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन भी उसी समय दिया था। अशोक अरोड़ा तो यहां तक बोल चुके हैं कि सरकार की ओर से कार्रवाई नहीं की गई, तो विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे देंगे। अरोड़ा के साथ में हुए मामले में एक पूर्व पार्षद और पार्षद का पति शामिल है, जिसने उनके साथ हाथापाई की थी। आदमपुर विधायक चंद्र प्रकाश और शाहबाद विधायक रामकरण काला के साथ जिला विकास निगरानी समितियों की बैठक में हुई अभद्रता की भी शिकायत भी विस स्पीकर को लिखित में दी गई थी। अरोड़ा का कहना है कि कुछ लोग घटना का वीडियो देखकर मेरे पर भी गलत आरोप लगा रहे थे, अरोड़ा का कहना है कि अगर मेरी गलती मिलती है, तो मेरे खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए।

### कमेटी के पास में चार अन्य विधायकों ने भी दी शिकायतें

सूबे के चार अन्य विधायकों ने अफसरशाही द्वारा मनमानी करने और सुनवाई नहीं करने के साथ ही उनके साथ में हुए अंसतोषजनक व्यवहार को लेकर हरियाणा विधानसभा की प्रीवलेज कमेटी के सामने शिकायत की है। हालांकि मंगलवार को प्रीवलेज कमेटी की अशोक अरोडा के साथ कुरुक्षेत्र में हुए घटनाक्रम की सुनवाई को लेकर पहली बैठक और वैसे, दूसरी बैठक थी। भरोसेमंद सूत्रों का कहना है कि चार विधायकों की लिखित शिकायत को लेकर कमेटी आने वाले समय में विचार करेगी , पहले जहां विधायकों की शिकायत पर उनका पक्ष सुना जाएगा, वहीं उसको बाद में दस सदस्यों वाली इस कमेटी के चेयरमैन और सदस्य बाद में अफसरों को नोटिस जारी कर तलब कर सकते हैं। कुल मिलकार माननीयों को सम्मान नहीं देने और उनकी बात नहीं सुनने वाले अफसरशाही पर आने वाले वक्त में शिकंजा कसे जाने की तैयारी है।

---

# हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग का आदेश शिकायतकर्ता को 5 हजार रुपये का मुआवजा

■ बिजली विभाग की लापरवाही पर कड़ी नाराजगी जताई

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग ने उपभोक्ता को समय पर बिजली बिल न मिलने के कारण बिजली विभाग के अधिकारियों को 5 हजार रुपये का मुआवजा देने के आदेश दिए हैं। आयोग ने यह मुआवजा हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 की धारा 17(1)(h) के तहत अधिकतम निर्धारित सीमा के अनुसार लगाया है। यह मामला उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम , कैथल से संबंधित था, जिसमें उपभोक्ता को मीटर लगने के बाद भी लगभग एक वर्ष तक बिजली बिल नहीं मिला। आयोग ने पाया कि न केवल शुरुआती स्तर पर कनेक्शन को गलत तरीके से रद्द किया गया, बल्कि अपीलीय प्रक्रिया में भी लगातार लापरवाही और टालमटोल बरती गई। आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने पूर्व आदेशों में स्पष्ट किया था कि तत्कालीन एसडीओ द्वारा लॉगिन आईडी का दुरुपयोग कर कनेक्शन रद्द किया गया और वर्तमान एसडीओ द्वारा भी बार-बार निर्देशों के बावजूद अधूरी जानकारी भेजी गई। साथ ही, राजस्व सहायक (सीए) की नियुक्ति व जिम्मेदारी को लेकर भी अस्पष्टता बरती गई।

### भविष्य में सतर्क रहने के निर्देश दिए

जांच में भी सामने आया कि संबंधित जूनियर इंजीनियर, जिन्होंने प्रारंभिक प्रक्रिया में चूक की थी, का हाल ही में निधन हो गया है। वहीं, तत्कालीन सीए को आयोग ने चेतावनी देते हुए भविष्य में सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। प्रवक्ता ने बताया कि आयोग ने यह भी स्पष्ट किया कि उपभोक्ता को छह किस्तों में बिल भुगतान की सुविधा दी जाए और मुआवजा राशि का समायोजन उपभोक्ता के बिल में किया जाए। यह राशि निगम अपनी ओर से पहले अदा करे और बाद में संबंधित अधिकारियों से नियमानुसार वसूल करे। आयोग ने दोनों एसडीओ की सफाई स्वीकार करते हुए उन्हें भविष्य के लिए सख्त चेतावनी दी है और कहा है कि यदि आगे भी शिकायत उनके विरुद्ध आती है, तो इस मामले को साथ जोड़ते हुए अनुशासनात्मक कार्रवाई की संस्तुति सरकार को भेजी जाएगी। एक्सईएन (ओपी), कैथल को 31 जुलाई 2025 तक आदेशों की अनुपालना रिपोर्ट आयोग को भेजने के निर्देश दिए गए हैं।

भाजपा बंगाली बोलने वालों को परेशान कर रही

# भाजपा बांग्लाभाषी लोगों का 'उत्पीड़न' बंद करे, वरना गंभीर राजनीतिक परिणाम भुगतने होंगे : ममता बनर्जी

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर देश भर में बांग्ला भाषी लोगों को परेशान करने और उनके साथ दुर्व्यवहार करने की नीति पर चलने का आरोप लगाया तथा चेतावनी दी कि अगर उसने इस तरह की कार्रवाइयों पर तत्काल रोक नहीं लगाई तो उसे गंभीर राजनीतिक परिणाम भुगतने होंगे। बनर्जी ने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्यों में अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं को पूरा करने के लिए "निर्वाचन आयोग को प्रभावित कर रही है।



### केंद्र सरकार के नोटिसों को चुनौती दूंगी

*वह भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों पर कथित अत्याचार के खिलाफ यहां वर्षा के दिन विरोध मार्च निकालने के बाद एक जनसभा को संबोधित कर रही थीं। तृणमूल कांग्रेस की सुप्रीमो बनर्जी ने रैली में आरोप लगाया, "मैं केंद्र सरकार के उन नोटिसों को चुनौती दूंगी जो बांग्ला भाषी लोगों को परेशान करने और मामूली संदेह पर उन्हें हिरासत में लेने के लिए भाजपा शासित राज्यों को गुप्त रूप से भेजे गए थे।"*

## मैं अब से ज्यादा से ज्यादा बांग्ला बोलूंगी

मुख्यमंत्री ममता ने कहा, 'मैं आपको (बीजेपी) चैलेंज करती हूं कि साबित कीजिए कि बांग्ला बोलने वाले प्रवासी लोग रोहिंग्या मुसलमान हैं। बंगाल के 22 लाख प्रवासी श्रमिक देश के अन्य हिस्सों में काम कर रहे हैं, उनके पास वैध पहचान दस्तावेज हैं।' 'मैं बंगालियों पर अत्याचार बर्दाश्त नहीं करूंगी। भाजपा शासित राज्यों में बांग्ला भाषी लोगों को बांग्लादेशी और विदेशी कहकर प्रताड़ित और जेल और डिटेंशन कैंप में भेजा जा रहा है। क्या बंगाल देश का हिस्सा नहीं है।



### सुवेंदु अधिकारी बोले- ये अवैध घुसपैठियों को बचाने की कोशिश

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** ममता की रैली के बाद भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने कहा, 'बंगाली अस्मिता' की बात सिर्फ अवैध घुसपैठियों को बचाने की कोशिश है। जब हजारों बंगाली शिक्षक सरकारी घोटालों के चलते नौकरी से निकाले गए, तब ममता ने उनकी आवाज क्यों नहीं सुनी। अधिकारी ने यह भी आरोप लगाया कि ममता बनर्जी खुद बंगाली अफसरों की अनदेखी करती हैं। उन्होंने पूछा कि वरिष्ठ अफसर अत्री भट्टाचार्य और सुब्रत गुप्ता को मुख्य सचिव क्यों नहीं बनाया गया? और क्यों बंगाली आईपीएस संजय मुखोपाध्याय को डीजीपी पद से वंचित कर बाहर के अफसर को नियुक्त किया गया?

## खबर संक्षेप

### श्री हरिमंदिर साहिब को फिर उड़ाने की धमकी

**अमृतसर।** यहां श्री हरिमंदिर साहिब को एक बार फिर बम से उड़ाने की धमकी वाला ईमेल आया है। लगातार तीसरे दिन ऐसी धमकी आई है। यह ईमेल एसजीपीसी के प्रबंधकों को भेजा गया है। इसके बाद श्री हरिमंदिर साहिब परिसर और उसके आसपास पुलिस की ओर से सुरक्षा को पहले से और ज्यादा बढ़ा दिया गया है। अर्धसैनिक बल भी तैनात हैं।



### अब पटना एयरपोर्ट पर टला बड़ा हादसा

**पटना।** एयरपोर्ट पर बड़ा विमान हादसा टल गया। दिल्ली से आ रहे विमान को रनवे ओवरशूट का सामना करना पड़ा। पायलट ने सूझबूझ से विमान को अनियंत्रित होने से बचा लिया। उन्होंने फौरन गो-अराउंड प्रक्रिया अपनाई और विमान को फिर से सफलतापूर्वक लैंड करवा लिया। इस मामले ने पटना एयरपोर्ट के छोटे रनवे पर सवाल खड़ा कर दिया है।




### कनॉट प्लेस की बीमा बिल्डिंग में बम की धमकी

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली से इस वक्त की एक बड़ी खबर है। दिल्ली की दिल कही जाने वाली कनॉट प्लेस स्थित एलआईसी बिल्डिंग में बम की कॉल आई है, जिसके बाद वहां हड़कंप मच गया है। बम कॉल की जानकारी मिलते ही पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। आस-पास में बम की तलाशी भी ली। हालांकि अभी कहीं से कुछ नहीं संदिग्ध समान नहीं मिला है।



### महागठबंधन में ओवैसी के शामिल होने पर बैन

**पटना।** बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक गठजोड़ बनाने का सिलसिला जारी है। असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी लंबे समय से इस कोशिश में थी कि वह बिहार में राष्ट्रीय जनता दल की अगुवाई वाले महागठबंधन का हिस्सा बन जाए, लेकिन वह नाकामयाबरही। खबर है कि राजदा और कांग्रेस ने उनको शामिल करने से मना कर दिया है।



### अब सांसदों, आगंतुकों को मिलेगा 'सेहतमंद आहार'

**नई दिल्ली।** संसद में कामकाज की उत्पादकता बढ़ाने के बाद अब लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सांसदों, अधिकारियों और आगंतुकों की सेहत का भी खास ख्याल रखने की योजना बनाई है। इसके तहत अब संसद में रागी बाजरा इडली और ज्वार उपमा से लेकर मूंग दाल का चीला और उबली सब्जियों के साथ ग्रिल्ड मछली तक कई सेहतमंद आहार उपलब्ध कराए जाएंगे।



असम के चायगांव में कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि शर्मा और उनके परिवार को भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा।

# खुद को 'राजा' समझते हैं हिमंत, लेकिन जनता उन्हें भ्रष्टाचार के लिए जेल पहुंचाएगी


भाषा ▶▶ गुवाहाटी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को दावा किया कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा खुद को 'राजा' समझते हैं, लेकिन राज्य की जनता भ्रष्टाचार के लिए उन्हें जेल में पहुंचा देगी। असम के चायगांव में कांग्रेस की एक बैठक को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि शर्मा और उनके परिवार को भ्रष्टाचार के लिए जवाबदेह ठहराया जाएगा। लोकसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, ''आपके मुख्यमंत्री में भय व्याप्त है, वह जानते हैं कि निडर कांग्रेस कार्यकर्ता उन्हें जेल में डाल देंगे।'' उन्होंने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग और भाजपा एक साथ मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने मतदाता सूची संशोधन के जरिए ''धांधली'' करके महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीता है। गांधी ने कहा, ''वे बिहार में भी यही हथकंडे अपना रहे हैं और असम में भी यही करेंगे। हमें सावधान रहना होगा।'' कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा, ''मीडिया अब हमारा दोस्त नहीं रहा; वे सच नहीं दिखा रहे, केवल अदाणी, अंबानी, मुख्यमंत्री, मोदी और शाह को दिखा रहे हैं।'

असम सीएम सबसे भ्रष्ट, उनकी आंखों में डर

जेल जाने से उन्हें मोदी और शाह भी नहीं बचा पाएंगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- देश की सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) को अपना सदस्य उधार देना पड़ा, ताकि भाजपा राज्य में सरकार बना सके। भाजपा ने असम में जिन लोगों ने लोगों के साथ अन्याय किया है, उन्हें जेल भेजा जाएगा।



कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- देश की सबसे पुरानी पार्टी (कांग्रेस) को अपना सदस्य उधार देना पड़ा, ताकि भाजपा राज्य में सरकार बना सके। जो व्यक्ति कांग्रेस छोड़कर भाग गया था, वह अब असम का मुख्यमंत्री है। हिमंत बिस्व सरमा 2015 में भाजपा में शामिल होने से पहले असम की कांग्रेस सरकार में मंत्री थे। खड़गे ने कहा कि भाजपा ने असम में जिन लोगों ने लोगों के साथ अन्याय किया है, उन्हें जेल भेजा जाएगा। उन्हें अब जेलों की मरम्मत करवानी चाहिए, क्योंकि उन्हें वहीं रहना होगा।

## जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए कानून की मांग

**नई दिल्ली (भाषा)।** राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पत्र लिखकर आग्रह किया कि जम्मू-कश्मीर का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए संसद के आगामी मानसून सत्र में विधेयक लाया जाए। उन्होंने यह मांग भी उठाई कि सरकार केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के तहत शामिल करने के लिए भी विधेयक लाए। संसद का मानसून सत्र 21 जुलाई से शुरू होकर 21 अगस्त तक चलेगा। केंद्र सरकार ने पांच अगस्त, 2019 को संसद में विधेयक लाकर जम्मू-कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को निष्प्रभावी बना दिया था तथा प्रदेश को विभाजित करके दो केंद्रशासित प्रदेशों-जम्मू-कश्मीर (विधानसभा सहित) और लद्दाख बनाए गए थे। प्रधानमंत्री को लिखे पत्र में कांग्रेस अध्यक्ष खरगे और पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, पिछले पांच वर्षों से, जम्मू-कश्मीर के लोग लगातार पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग कर रहे हैं।

### यह मांग वैध भी है और उनके संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों पर आधारित

उन्होंने कहा कि यह मांग वैध भी है और उनके संवैधानिक और लोकतांत्रिक अधिकारों पर आधारित है। उनका कहना था कि अतीत में केंद्र शासित प्रदेशों को राज्य का दर्जा दिए जाने के उदाहरण रहे हैं, लेकिन जम्मू -कश्मीर का मामला ऐसा है कि स्वतंत्र भारत में जिसकी कोई मिसाल नहीं है। उन्होंने इस बात का उल्लेख किया कि यह पहली बार है कि विभाजन के बाद किसी पूर्ण राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया गया है। कांग्रेस के दोनों शीर्ष नेताओं ने कहा, कई अवसरों पर, आपने व्यक्तिगत रूप से राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई है। 19 मई 2024 को भुवनेश्वर में अपने एक साक्षात्कार में आपने कहा कि राज्य का दर्जा बहाल करना एक गंभीर वादा है, जो हमने किया है और हम इस पर कायम हैं। फिर, 19 सितंबर 2024 को श्रीनगर में एक रैली को संबोधित करते हुए आपने इस बात को दोहराया था। हमने संसद में कहा है कि हम क्षेत्र का राज्य का दर्जा बहाल करेंगे।

### राहुल को विदेश नीति के बारे में कुछ नहीं पता, फिर भी सवाल उठा रहे

**नई दिल्ली।** भाजपा ने राहुल गांधी पर सशस्त्र बलों का अनादर करने के मामले में आदतन झूठा और अपराधी होने का आरोप लगाया। राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि उन्हें विदेश नीति का 'एफ' नहीं पता है, लेकिन वह सवाल उठाते रहते हैं। उन्होंने विदेश मंत्री एस जयशंकर की चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात के बाद चीन मुद्दे से निपटने के सरकार के तरीके पर कांग्रेस नेता के 'सर्कस' वाले कटाक्ष पर पलटवार किया। आलोक ने कहा कि जब हमारे विदेश मंत्री एससीओ की बैठक के लिए चीन जाएंगे तो वे चीन के विदेश मंत्री और राष्ट्रपति से नहीं मिलेंगे? इटली से मिलेंगे।

# सीबीएसई ने दिया नया निर्देश हर स्कूलों में लगेंगे 'ऑयल बोर्ड'

शिक्षा के साथ अब सेहत पर भी जोर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में बढ़ते मोटापे को देखते हुए केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने एक बड़ा कदम उठाया है। मंगलवार को सीबीएसई के निदेशक ने सभी स्कूल प्रमुखों को पत्र लिखकर निर्देश दिया कि वे अपने स्कूलों में 'ऑयल बोर्ड' लगाएं और छात्रों के बीच स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा दें।

यह कदम 14 मई 2025 को जारी 'शुगर बोर्ड' से संबंधित सर्कुलर का ही विस्तार है। सीबीएसई ने यह फैसला राष्ट्रीय पारिवारिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2019-21 और लांसेट ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज (जीबीडी) स्टडी 2021 के चौंकाने वाले आंकड़ों के आधार पर लिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, शहरी भारत में हर पांच में से एक वयस्क मोटापे का शिकार है।

### यह भी निर्देश

स्कूलों की आधिकारिक किताबों, नोटबुक्स और दस्तावेजों पर स्वास्थ्य से जुड़े संदेश छापे जाएंगे ताकि रोजाना बच्चों को मोटापे से बचाव की याद दिलाई जा सके। स्कूलों की कैंटीन में भी हेल्दी फूड जैसे फल, सब्जियां और कम वसा वाले विकल्प देने और तैलीय व मीठे खाद्य पदार्थों को सीमित करने को कहा गया है। छात्रों में शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों को सीढ़ियों के उपयोग को प्रोत्साहित करने, छोटे-छोटे व्यायाम ब्रेक रखने और पैदल चलने के रास्ते उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं। इससे पहले जून 2025 में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी सभी स्कूलों, दफ्तरों और संस्थानों में खाने-पीने की लोकप्रिय चीजों जैसे पिज्जा, बर्गर, समोसा, वड़ा पाव, और कचौरी में मौजूद तेल और चीनी की मात्रा को दिखाने वाले बोर्ड लगाने का प्रस्ताव दिया था।

### केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुभांशु शुक्ला के अंतरिक्ष मिशन की सराहना की

**नयी दिल्ली (भाषा)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर उनके ऐतिहासिक 18 दिवसीय मिशन के सफल समापन पर बुधवार को बधाई दी और कहा कि इससे देश के अंतरिक्ष कार्यक्रम में एक नया अध्याय शुरू हुआ है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव पारित किया, जिसमें शुक्ला की अंतरिक्ष यात्रा को पूरे देश के लिए गर्व, गौरव और खुशी का क्षण बताया गया। इसमें कहा गया है कि इस यात्रा ने भारत की असीम आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व किया। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बैठक में पारित संकल्प को पढ़ते हुए कहा, ''मंत्रिमंडल, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने ऐतिहासिक 18 दिवसीय मिशन के सफल समापन के बाद ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला की पृथ्वी पर वापसी का जश्न मनाने में राष्ट्र के साथ शामिल है।''

बेंगलुरु में कांग्रेस का बड़ा दांव

## ओबीसी मीट में 50 फीसदी आरक्षण सीमा को तोड़ देंगे

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कांग्रेस की अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) परिषद की बैठक में बड़ा ऐलान किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की ओबीसी सलाहकार परिषद की दो दिनी बैठक बेंगलुरु में हुई। बुधवार को आखिरी दिन था। बिहार चुनाव से पहले कांग्रेस ने पिछड़ा वर्ग को रिझाने के लिए शिक्षा, नौकरियों और अन्य क्षेत्रों में आरक्षण की 50 फीसदी की सीमा को तोड़ने का संकल्प लिया है। केंद्र से तेलंगाना जाति सर्वेक्षण के मॉडल के आधार पर जातिगत गणना कराने का आह्वान किया गया। सिद्धारमैया ने परिषद में पारित प्रस्तावों को 'बेंगलुरु घोषणा' नाम देते हुए कहा कि गणना में प्रत्येक व्यक्ति और जाति के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक, रोज़गार को देखें।




आरटीआई में खुलासा

## हर साल 83 लाख मौतें, 14 वर्ष में 1.15 करोड़ आधार निष्क्रिय

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में हर साल औसतन 83 लाख लोगों की मौतें हो रही हैं। भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) ने 14 साल पहले कार्यक्रम की शुरुआत के बाद से केवल 1.15 करोड़ आधार नंबरों को निष्क्रिय किया है। यह आंकड़ा देश की मृत्यु दर को देखते हुए नाटकीय रूप से काफी कम है। एक मीडिया हाउस की ओर से दायर सूचना के अधिकार आवेदन से पुष्टि हुई है। जून 2025 तक, भारत में 142.39 करोड़ आधार धारक हैं। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष के अनुसार अप्रैल तक देश की कुल जनसंख्या 146.39 करोड़ हो जाएगी। नागरिक पंजीकरण प्रणाली के आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि भारत में 2007 से 2019 के बीच हर साल औसतन 83.5 लाख मौतें हुईं। आधार नंबर को निष्क्रिय करने की गति कम है।




सुप्रीम कोर्ट ने व्यवस्था पर किया बड़ा सवाल

संसद ले फैसला कानून बनाने की जरूरत बताई

## जेल में कटी उम्र और फिर निकले बेकसूर, तो क्यों न मिले मुआवजा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने अहम फैसले में कहा कि अगर किसी को गलत तरीके से लंबे समय तक जेल में रखा जाता है, तो उसे मुआवजा देने के लिए एक कानून बनाने की जरूरत है। कोर्ट ने कहा कि इस पहलू पर फैसला लेना संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। सुप्रीम कोर्ट ने ये टिप्पणी लंबे समय से गलत तरीके से कैद किए गए मौत की सज़ा पाए दोषी को बरी करते हुए 15 जुलाई को दिए फैसले में कहा है। जस्टिस विक्रम नाथ, जस्टिस संजय करोल और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने यह कहा।

### प्रो. खान जांच मामले में एसआईटी को फटकारा



अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद के विवादास्पद सोशल मीडिया पोस्ट की जांच कर रही एसआईटी टीम को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि प्रोफेसर को दोबारा बुलाने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने एसआईटी से सवाल करते हुए कहा कि वह जांच को गलत दिशा क्यों दे रही है?

### लव जिहाद, धर्मांतरण कानून पर यूपी सरकार को नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने लव जिहाद और गैरकानूनी धर्मांतरण के खिलाफ उत्तर प्रदेश में बने विवादास्पद कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर राज्य सरकार को नोटिस जारी किया है। ये ऐसे समय में आया है जब इस कानून को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। ये याचिका लखनऊ की सामाजिक कार्यकर्ता रूपरेखा वर्मा ने दायर की है। उन्होंने अपनी याचिका में दलील दी है कि ये कानून विभिन्न धर्मों से संबंध रखने वाले जोड़ों को परेशान करने का एक जरिया बन गया है।

89 फीसदी वोटरों ने 'एसआईआर' में की शिरकत

# चुनाव आयोग का दावा, एक भी वाजिब मतदाता की नहीं होगी हकमारी

शिशिर सोनी ▶▶ नई दिल्ली

तमाम विरोधाभासों के बीच चुनाव आयोग द्वारा बिहार में चलाया जा रहा विशेष गहन पुनरीक्षण में 88 फीसदी से ज्यादाा मतदाताओं ने गणना फॉर्म जमा करा दिये। बिहार में आगामी विधानसभा चुनावों से पहले चुनाव आयोग द्वारा शुरू किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान ने महत्वपूर्ण प्रगति हासिल की है। भारत निर्वाचन आयोग ने बुधवार को आंकडे साझा करते हुए बताया कि बिहार में अब तक कुल 88.65 फीसदी वोटरों ने वो कमाल कर दिखाया जिसके लिए तमाम दलों के बीच हायतौबा मची हुई थी। सूत्रों ने बताया कि बिहार में पहले 2003 में इसी महीने में इसी मौसम में इसी बाढ वाली वीभिषिका के बीच पुनरीक्षण किया था ठीक उसी तर्ज पर बिहार के वोटरों ने इस बार भी मताधिकार के अपने हक के लिए आगे आये और औपचारिकतायें पूरी की।

### बिहार में मतदाता सूची के शुद्धिकरण के लिए चल रहा अभियान




चुनाव आयोग ने बुधवार को एकबाार फिर जोर देकर कहा कि बिहार के एक भी जायज वोटर का हक नहीं मारा जाएगा, साथ ही आयोग द्वारा अपील किया गया कि किसी भी तरह की अफवाहों का हिस्सा न बनें। सूत्रों ने बताया कि बिहार में चुनाव आयोग का चल रहा अभियान दरअसल भविष्य में वोटरों के लिए ही लाभकारी साबित होगा जब केवल एक क्लिक पर संबंधित वोटर चुनाव आयोग की वेब साइट या मोबाइल एप पर अपनी दी गई जानकारी कभी भी चेक कर सकते हैं, उपयोग कर सकते हैं।

#### विदेशी लोगों ने गैरवाजिब तरीके से मताधिकार प्राप्त कर लिया

चुनाव आयोग के सूत्रों ने माना कि बिहार के सीमांचल में बडे पैमाने पर विदेशी लोगों ने गैरवाजिब तरीके से मताधिकार प्राप्त कर लिया है। उन सभी को नागरिकता की कसौटी पर कसा जाएगा। विशेष गहन पुनरीक्षण का उद्देश्यचुनाव आयोग ने बिहार में 7.90 करोड़ पंजीकृत मतदाताओं की सूची को 'शुद्ध' करने और इसे और अधिक सटीक बनाने के लिए यह विशेष अभियान शुरू किया है।

#### केवल पात्र नागरिक हों शामिल

विशेष अभियान की शुरुआत 24 जून को हुई थी, और इसका लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि मतदाता सूची में केवल पात्र नागरिक शामिल हों और कोई भी अपात्र व्यक्ति इसमें न रहे। इस अभियान का आधार भारतीय संविधान का अनुच्छेद 324 और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 21 है, जो चुनाव आयोग को मतदाता सूची तैयार करने और संशोधन करने का अधिकार देता है। योजना का मुख्य उद्देश्य सभी पात्र मतदाताओं को शामिल करना, मृत, स्थानांतरित, या डुप्लिकेट मतदाताओं को हटाना, अवैध या अपात्र मतदाताओं को सूची से हटाना, विशेष रूप से गैर-नागरिकों को और मतदाता सूची की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना प्रमुख है।

दंपति के शादीशुदा होने संबंधी दस्तावेज नहीं मिले

## बेरहम पेरेंटसः चलती बस में बच्चे को जन्म दिया फिर खिड़की से फेंक दिया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के परभणी में एक बेरहदम दंपती ने अपने नवजात बच्चे को बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया। जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दरअसल, युवती ने चलती बस में बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद महिला और उसके साथ मौजूद शख्स ने नवजात को बस की खिड़की से बाहर फेंक दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना मंगलवार सुबह करीब 6:30 बजे पथरी-सेलू रोड की है। ऋतिका ढेरे (19) नाम की महिला पुणे से परभणी जाने के लिए स्लीपर बस में अल्ताफ शेख के साथ सफर कर रही थी। शेख खुद को महिला का पति बता रहा था। यात्रा के दौरान ऋतिका को लेबर पेन शुरू हो गया। ऋतिका ने बस में ही बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद ऋतिका और अल्ताफ ने नवजात को कपड़े में लपेटा और चलती बस से बाहर फेंक दिया। पुलिस जांच में दोनों ने बताया कि वे बच्चे का पालन-पोषण करने में असमर्थ थे, इसलिए बस से फेंक दिया था।



## चिंतन

# कृषि क्षेत्र पर विशेष ध्यान देने की जरूरत

भारतीय कृषि क्षेत्र अभी भी अनेक संकटों के दौर से गुजर रहा है। केंद्र में वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी की राजग सरकार आने के बाद से कृषि क्षेत्र की कायापलट के लिए अनेक योजनाएं शुरू की गई, किसानों की आय वर्ष 2022 तक दोगुनी करने करने का संकल्प लिया गया। इसके बावजूद न ही कृषि क्षेत्र की कायापलट हो सकी, न ही कृषि लाभकारी बन सकी और न ही किसानों की आय दोगुनी हो सकी। करीब एक वर्ष से अधिक समय तक तीन कृषि कानूनों की वापसी के लिए किसान आंदोलन चला, दबाव में सरकार ने तीनों कृषि कानून वापस ले लिए। उसके बाद से कृषि क्षेत्र सुस्त गति से बढ़ रहा है। जीडीपी में कृषि क्षेत्र का योगदान भी 35 फीसदी से घट कर 14 फीसदी के करीब आ गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में कृषि क्षेत्र की विकास दर 3.8 फीसदी रही, जबकि दरकार पांच फीसदी से अधिक की है। मानव कार्यबल के करीब 50 फीसदी श्रम कृषि क्षेत्र में कार्यशील हैं, इसके बावजूद यह क्षेत्र संकटग्रस्त है। देश में कृषि क्षेत्र कई समस्याओं का सामना कर रहा है, जिनमें जलवायु परिवर्तन, भूमि की उर्वरता में कमी, सिंचाई की कमी और छोटे व खंडित जोत शामिल हैं। वहीं, विपणन और भंडारण सुविधाओं की कमी, मशीनीकरण का खराब उपयोग, और ऋण उपलब्धता भी महत्वपूर्ण समस्याएं हैं। कृषि क्षेत्र को गति देने के लिए सरकार ने पीएम धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इस योजना पर 24 हजार करोड़ रुपये खर्च होंगे, 100 कम कृषि उत्पादन वाले जिलों को शामिल किया जाएगा। इनमें हर राज्य/केन्द्र शासित प्रदेश से कम से कम एक जिला जरूर कवर होगा। वित्त वर्ष 2025-26 के लिए 1 फरवरी को आए केंद्रीय बजट में इस योजना की घोषणा की गई थी। इसमें 11 मंत्रालयों की 36 मौजूदा योजनाओं को एकीकृत किया जाएगा। साथ में राज्य की योजनाएं और निजी क्षेत्र की भागीदारी भी जोड़ी जाएगी। योजना 2025-26 से शुरू होकर अगले 6 साल तक चलेगी। इस स्कीम में 1.7 करोड़ किसान लाभान्वित होंगे। इस योजना का मकसद चयनित जिलों में ज्यादा उत्पादन, फसल विविधता, टिकाऊ खेती, आधुनिक भंडारण और हर किसान को किफायती कर्ज देना है। यह योजना देश में केवल कृषि और उससे जुड़े क्षेत्रों पर ही फोकस करेगी। पीएम धन-धान्य कृषि योजना में किसानों को गेहूं-धान के बजाय दूसरी फसलों और टिकाऊ कृषि तरीकों को भी अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कटाई के बाद उपज के सुरक्षित भंडारण के लिए पंचायत-स्तर और ब्लॉक-स्तर पर गोदाम, कोल्ड स्टोरेज और वैल्यू एडिशन यूनिट्स बनाई जाएंगी। हर किसान तक लंबी और छोटी अवधि का सस्ता कर्ज और सिंचाई सुविधाएं पहुंचेंगी। मिट्टी-पानी संरक्षण, जैविक खेती और जल की बचत पर खास फोकस होगा, जिससे किसान के खर्च घटे और आमदनी बढ़े। प्लानिंग और मॉनिटरिंग के लिए हर जिले, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर विशेषज्ञों और प्रगतिशील किसानों को जोड़कर समिति बनाई जाएगी। हर जिले का अपना 'डिस्ट्रिक्ट एग्रीकल्चर एंड अलाइड एक्टिविटीज प्लान तैयार होगा, उसमें स्थानीय जरूरत और ताकत के हिसाब से फसल, सिंचाई, भंडारण आदि की रणनीति तय होगी। यह योजना जमीन पर कितनी उतरेगी और कृषि क्षेत्र के विकास में किस प्रकार योगदान करेगी, अभी कुछ कहना जल्दबाजी होगा, लेकिन अतीत की अधिकांश कृषि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनेक अनियमितताएं व लूपहोल्स देखे गए हैं। सरकार को सतर्क रहना होगा।

# बेहतरी की ओर बढ़ते भारत के कदम



**समानता रिपोर्ट**
उमेश चतुर्वेदी

> विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है।

इसे संयोग कहें या कुछ और, जिस समय भारतीय संविधान की प्रस्तावना में आपातकाल के दिनों जोड़े गए शब्दों 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवादी' को लेकर बहस हो रही है, ठीक उसी वक्त आई विश्व बैंक की रिपोर्ट ने भारतीय समाज को ज्यादा समतामूलक बताया है। विश्व बैंक की इस रिपोर्ट के अनुसार, भारत इस रैंकिंग में चोटी के चार देशों में शामिल हो गया है, जबकि दुनिया की नंबर एक और नंबर दो अर्थव्यवस्थाएं यानी अमेरिका और चीन उससे पीछे हो गए हैं। भारत से आगे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस हैं। दिलचस्प यह है कि जिस समय यह रिपोर्ट आई, ठीक उन्हीं दिनों ऑक्सफैम जैसी दूसरी एजेंसियों की ओर से आई रिपोर्टों के हवाले से भारत में बढ़ती आर्थिक असमानता को लेकर सवाल उठ रहे थे। ऐसे में विश्व बैंक की इस रिपोर्ट का आना और उसके समानता सूचकांक में भारत का बेहतर प्रदर्शन करना सुखद आश्चर्य का कारण तो बनता ही है।

विश्व बैंक के समानता सूचकांक को गिनी सूचकांक भी कहा जाता है। एक तरह से यह आर्थिक विकास को सामाजिक समानता से जोड़ने का सूचकांक है। इस आंकड़े के अनुसार, भारत का गिनी इंडेक्स 25.5 है। भारत 'सामान्य से कम' असमानता श्रेणी में है। मानकों के अनुसार, इस श्रेणी के लिए स्कोर 25 से 30 के बीच होता है। यह 'कम असमानता' वाले समूह के मानक से कुछ ही ज्यादा है। इस श्रेणी में स्लोवाक गणराज्य शामिल है। स्लोवाक का गिनी इंडेक्स 24.1 है। इसी तरह दूसरे स्थान पर रहे सोवियत संघ के पूर्व हिस्से और मौजूदा स्लोवेनिया देश का सूचकांक 24.3 है। इसके बाद 24.4 अंकों के साथ बेलारूस है। इन तीनों के बाद भारत का नंबर है। गौरतलब है कि विश्व बैंक ने दुनिया के 167 देशों का गिनी इंडेक्स जारी किया है। इनमें भारत की स्थिति बहुत बेहतर है। रिपोर्ट के अनुसार, सिर्फ़ 30 देश 'सामान्य से कम' असमानता वाली श्रेणी में आए हैं। जिनमें अत्यधिक लोक कल्याण वाले अनेक यूरोपीय देश जैसे आइसलैंड, नॉर्वे, फ़िनलैंड, बेल्जियम और पोलैंड शामिल हैं। इसमें संयुक्त अरब अमीरात जैसा धनी देश भी शामिल है। इस सूचकांक के लिहाज से भारत का प्रदर्शन विगत के डेढ़ दशक की तुलना में बहुत बेहतर है। साल 2011 में भारत का गिनी सूचकांक 28.8 था। साल 2022 में यह 25.5 पर पहुंच गया। गिनी सूचकांक के जरिए यह समझने की कोशिश की जाती है कि देश विशेष के घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति और उसके उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसे शून्य से लेकर 100 के सूचकांक के स्तर पर मापा जाता है। इस सूचकांक के अनुसार, जिस देश का स्कोर शून्य है, उसका मतलब है कि उस देश में पूरी तरह समानता है यानी आय का वितरण पूरे नागरिकों में समान है। इस सूची में 100 स्कोर का अर्थ है कि एक ही व्यक्ति के पास पूरी आय और संपत्ति है और वही सबसे ज्यादा उपभोग करता है, जबकि दूसरों के पास कुछ भी नहीं है। इसका मतलब यह होता है कि उस देश विशेष में पूरी तरह असमानता व्याप्त है। मोटे तौर पर समझ सकते हैं कि जिस देश का गिनी इंडेक्स जितना ज्यादा होगा, उस देश में उतनी ही असमानता होगी। विश्व बैंक का मानना है कि गिनी इंडेक्स में भारत की मजबूत स्थिति की वजह उसके गरीबी हटाओ उपाय हैं। इनके जरिए ग्रामीण और



शहरी दोनों ही क्षेत्रों में गरीबी को कम करने में देश लगातार आगे बढ़ रहा है। इस रिपोर्ट के अनुसार, बीते दशक में 17.1 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकालने में कामयाबी हासिल की गई है।

विश्व बैंक ने गरीबी के लिए रोजाना 2.15 अमेरिकी डॉलर से नीचे की आय को रखा है। इस लिहाज से भारत में 2011-12 के दौरान करीब 16.2 प्रतिशत लोग गरीबी रेखा से नीचे जी रहे थे, उनकी संख्या में साल 2022-23 में घटकर सिर्फ 2.3 प्रतिशत रह गई है। भारत में समानता लाने में मोदी सरकार की योजनाओं का बहुत योगदान है। इसमें नई योजनाएं हैं और पुरानी का बेहतर कार्यान्वयन भी है। इसमें प्रधानमंत्री जन धन योजना को पहले स्थान पर रखा जा सकता है। जिस योजना के तहत 25 जून, 2025 तक 55.69 करोड़ से ज़्यादा लोगों के पास जन धन खाते थे। इनके जरिए ना सिर्फ लोगों को राज्य की ओर से मिलने वाली कल्याणकारी योजनाओं का फायदा सीधे पहंच रहा है, बल्कि वित्तीय कामकाज के लिए बैंकों तक इन लोगों का जुड़ाव बढ़ा है। इससे लोगों की आर्थिक स्थिति सुधर रही है। आधार और डिजिटल पहचान के जरिए कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित हुई है। भारत की आर्थिक और सामाजिक असमानता को कम करने में आयुष्मान भारत योजना का भी हाथ मान सकते हैं। इसके जरिए इससे कवर परिवार को सालाना 5 लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा मिल रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार तीन जुलाई, 2025 तक देशभर में 41.34 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड जारी किए जा चुके हैं। इसके दायरे में देश भर के 32,000 से अस्पताल शामिल हैं।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की वजह से यह प्रयास और मजबूत हुआ, जिसमें लोगों को डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ने के लिए 79 करोड़ से अधिक स्वास्थ्य खाते बनाए जा चुके हैं। भारत में आर्थिक और सामाजिक असमानता को दूर करने में स्टैंड-अप इंडिया जैसी योजना के योगदान को नकारा नहीं जा सकता। देश में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए स्थापित इस योजना के जरिए दलित और आदिवासी एवं महिला उद्यमियों को ग्रीनफील्ड उद्योग स्थापित करने के लिए 10 लाख से एक करोड़ रुपये तक का कर्ज दिया जा रहा है। केंद्र सरकार के आंकड़ों के अनुसार इस साल जुलाई के पहले हफ्ते तक इस योजना के तहत पूरे देश में 2.75 लाख से अधिक आवेदन स्वीकृत किए जा चुके थे। इसके तहत नव उद्यमियों को 62,807.46 करोड़ रुपये दिये जा चुके हैं। एक तरह से इस योजना के जरिए वंचित समुदाय की आर्थिक तरक्की हो रही है। आर्थिक तरक्की की राह सामाजिक विकास को भी प्रभावित करती है। भारत में जारी प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना देश की खाद्य और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बन चुकी है। कोरोना महामारी के दौरान शुरू की गई इस योजना तहत 80.67 करोड़ लोगों को खाद्यान्न दिया जा रहा है। इसका यह मतलब नहीं कि ऑक्सफैम की रिपोर्ट को अनदेखा कर दिया जाए। इसके अनुसार देश में आर्थिक असमानता बहुत ज्यादा है। इस रिपोर्ट के अनुसार देश के सबसे अमीर महज एक प्रतिशत लोगों के पास देश की चालीस फीसद से ज्यादा की संपत्ति है, जबकि सबसे गरीब आधी आबादी के पास सिर्फ तीन प्रतिशत संपत्ति है। यह असमानता आय, संपत्ति और अवसरों में भी साफ तौर पर दिखती है। साफ है कि गिनी सूचकांक में भारत की स्थिति सुधरी है, लेकिन ऑक्सफैम की रिपोर्ट के अनुसार असमानता की ओर भी ध्यान देना होगा। तभी हम सही मायने में समतामूलक और समाजवादी समाज बन सकेंगे, क्योंकि समाजवाद का मतलब पूंजी का विकेंद्रण होता है, संकेंद्रण नहीं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



भुवनेश्वर में राम मंदिर भगवान राम, उनकी पत्नी देवी सीता और उनके प्यारे भाई, भगवान लक्ष्मण को समर्पित एक खूबसूरत मंदिर है। इस मंदिर की एक और विशेषता सुबह की आरती है, जो कई पर्यटकों को आकर्षित करती है। मंदिर के शिखरों को आप शहर के विभिन्न स्थानों से देख सकते हैं।

## संस्कृति

डॉ. रमेश ठाकुर



# मत्तूरु गांव में 600 वर्षों से बोली जा रही है 'संस्कृत'

एकाध दशकों से पश्चिमी भाषा इस कदर हावी हुई है जिससे हमने अपनी पारंपरिक भाषाओं और सभ्यताओं को पीछे छोड़ दिया है, इसमें 'संस्कृत भाषा' अव्वल स्थान पर है। कड़वी सच्चाई ये है कि समूचे भारत में मात्र एक प्रतिशत भी संस्कृत का प्रचार-प्रसार, बोलचाल और पठन-पाठन नहीं बचा? ऐसे में संस्कृत से जुड़ी एक सुखद खबर मन को खुशी देती है। खबर है कि देश में आज भी एक गांव ऐसा है जहां चौबीसों घंटे सिर्फ संस्कृत ही बोली और पढ़ी जाती है। 'मत्तूरु' गांव में पिछले छह सौ वर्षों से संस्कृत जिंदा है। वहां के लोग दैनिक बातचीत में नियमित संस्कृत का प्रयोग करते हैं। संस्कृत भाषा की जो परंपरा सदियों पहले हुआ करती थी, उस गांव में अब भी यथावत है। भारत के राज्यों में एकाध गांव और भी हैं जहां संस्कृति बोली जाती है, लेकिन इस गांव में शत-प्रतिशत संस्कृत का प्रयोग होता है। 'मत्तूरु' गांव कर्नाटक से करीब 300 किलोमीटर दूर 'तुंग नदी' के समीप बसा है जिसे देश के अंतिम 'संस्कृत भाषी' गांव की उपाधि हासिल है। गांव में रहने वाले प्रत्येक शख्स को संस्कृत बोलनी, लिखनी और पढ़नी अच्छे से आती है। इस गांव में 16वीं शताब्दी से संस्कृत बोली जाती है। किसानों से लेकर नौकरीपेशा भी संस्कृत में बात करते हैं। इस अनोखे गांव का आकर्षण ऐसा है कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर राजीव गांधी, इंदिरा गांधी व पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम भी भ्रमण कर चुके हैं। साल भर देश-विदेश के लोग गांव का विजिट करते हैं। ताज्जुब करने वाली बात ये है कि गांव में बाहरी लोगों के लिए कोई होटल या रेस्त्रा नहीं है। अतिथियों का गांववासी अपने यहां खाना और रुकने की व्यवस्थाएं निःशुल्क करते हैं। संस्कृत प्रेमी जब पहुंचते हैं तो गांव वाले उन्हें पानी और गुड देकर स्वागत करते हैं। संस्कृत के अलावा वहां हिंदी या अंग्रेजी में गांव के लोग एक शब्द भी नहीं बोलते। निश्चित रूप से अंग्रेजी और अन्य देशी-विदेशी भाषाओं ने संस्कृत को पीछे धकेला हो, लेकिन 'मत्तूरु' गांव आज भी संस्कृत की संस्कृति को सहेजे हुए है। भारतीय अपनी देशी भाषाओं को छोड़ बाहरी भाषाओं को अधिक व्यावहारिक और उपयोगी मानने लगे हैं। लेकिन 'मत्तूरु' गांव में विभिन्न देशों के लोग संस्कृत सीखने लगातार पहुंच रहे हैं। 'भाषा एंव संस्कृति मंत्रालय' का ताजा आंकड़ा बताता है कि भारत में पिछड़ती भाषाओं को विदेशी लोग बड़े चाव से सीख रहे हैं। विदेश के ज्यादातर विश्वविद्यालयों में हिंदी और संस्कृत प्रमुखता से पढ़ाई जाने लगी है जिनके प्रोफेसर या विशेषज्ञ कोई भारतीय नहीं, बल्कि विदेशी ही हैं, जो हमारे यहां से सीखकर गए हैं। ये अपने आप में बड़ा मुद्दा है कि जिन भाषाओं को हम नकार रहे हैं उन्हें विदेशी अपना रहे हैं? इसके पीछे का लॉजिक हमें समझना होगा? भविष्य में हमारे लिए खतरनाक भी साबित हो सकता है। क्योंकि भाषाओं के बल पर घुसपैठ होना कोई बड़ी बात नहीं? संस्कृत को "देवों की भाषा" कहा गया है। संस्कृत के गर्भ से ही संसार की ज्यातार भाषाओं की उत्पत्ति हुई है। संस्कृत को भारत की सर्वाधिक पुरानी भाषाओं में गिना जाता है। इसलिए संस्कृत के संरक्षण और आधुनिक शिक्षा प्रणाली के साथ-साथ इसे भी उतना ही महत्व दिए जाने की जरूरत है। संस्कृत की संस्कृति बचाने की दिशा में 'मत्तूरु' गांव हमारे लिए उदाहरण है।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# आत्म ज्ञान क्या है



संकलित
**दर्शन**

एक इच्छा पूरी होती नहीं कि दूसरी खड़ी हो जाती है-जैसे हवाई अड्डे पर हवाई जहाज एक के बाद एक उड़ान भरते हैं। जब हम अपने मन की इस प्रवृत्ति पर ध्यान करते हैं, तभी एक गहरा प्रश्न उभरता है-जीवन का उद्देश्य क्या है? यह प्रश्न उठना ही मनुष्य होने का चिन्ह है। हम दूसरों से पूछते हैं, तुम क्या कर रहे हो? कभी-कभी स्वयं से भी पूछना चाहिए, मैं क्या कर रहा हूँ? यह प्रश्न स्वयं में ही एक साधना है। इसका उत्तर ढूँढ़ने की जल्दी मत करो। यह प्रश्न तुम्हें भीतर की गहराई में ले जाएगा। किताबें पढ़कर या केवल कुछ क्रियाएँ करके जवाब नहीं मिलते, बल्कि यह प्रश्न ही तुम्हें तुम्हारी आत्मा के करीब ले जाएगा। तो आत्मज्ञान क्या है? यह जीवन को गहराई से जीना है- ऐसी अवस्था जिसमें कोई भी परिस्थिति तुम्हें तनाव नहीं दे सकती। बल्कि तुम परिस्थितियों को प्रभावित कर सकते हो। अगर तुम्हारी मुस्कान हृदय की गहराई से आए, तो वही आत्मज्ञान है। हम सब मुस्कुराते हैं, लेकिन अंदर की मुस्कान से संपर्क टूट गया है। जब तुम उस भीतर की मुस्कान से जुड़ते हो, सरल हो जाते हो, निष्कलुष हो जाते हो, यही आत्मज्ञान है। आत्मज्ञान कोई उपलब्धि नहीं है। बल्कि अज्ञान को हटाना उपलब्धि है, तनाव और बोझ को छोड़ देना उपलब्धि है। क्योंकि हमारा मूल स्वभाव ही आत्मज्ञान है। इसलिए मानवीय और दैवीय दो अलग-अलग वस्तुएं नहीं हैं। मानव शरीर उस फल का छिलका है, और भीतर की मिठास ही दिव्यता है। और उस पर चढ़ा हुआ प्लास्टिक कवर तनाव है। *-श्रीश्री रविशंकर*


# कोयल-अपनी वाणी को मधुर बना लेना



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार वसंत ऋतु में एक कोयल वृक्ष पर बैठी कूक रही थी। आते-जाते लोग उसकी कूक को सुनते और उसकी सुरीली आवाज का आनंद लेते हुए उसकी तारीफ के पुल बांधते। कुछ देर बाद कोयल के सामने एक कौआ तेज गति से आया। कोयल ने उससे पूछाः इतनी तेज गति से कहां जा रहे हो? कुछ देर बैठो, बातें करते हैं। कौए ने उत्तर दियाः कि वह जरा जल्दी में है और देश को छोड़कर परदेस जा रहा है। कोयल ने इसका कारण पूछा तो कौआ बोलाः यहां के लोग बहुत खराब हैं। सब तुम्हें ही चाहते हैं। सभी लोग सिर्फ तुम्हारा आदर करते हैं। वह यही चाहते हैं कि तुम हमेशा की तरह इसी प्रकार से उनके क्षेत्र में गाती रहो। वहीं जहां तक मेरी बात है तो मुझे कोई देखना तक नहीं चाहता। यहां तक कि मैं किसी की मुंडेर पर बैठता हूं तो मुझे कंकड़ मारकर वहां से भगा दिया जाता है। मेरी आवाज भी कोई नहीं सुनना चाहता। जहां मेरा अपमान हो, मैं ऐसे स्थान पर एक क्षण भी नहीं रहना चाहता। ज्ञानियों ने भी हमें यही शिक्षा दी है कि अपमान की जगह पर नहीं रहना चाहिए। यह सुनकर कोयल बोली, परदेस जाना चाहते हो तो बड़े शौक से जाओ। यह पूरी तरह से तुम्हारी इच्छा पर निर्भर है। लेकिन एक बात का सदैव ध्यान रखना कि वहां जाने से पहले अपनी आवाज को बदल लेना। अपनी वाणी को मधुर बना लेना। यदि तुम्हारी वाणी ठीक वैसी ही कठोर रही, जैसी यहां पर है तो परदेस में भी लोग तुम्हारे साथ वही व्यवहार करेंगे जो अभी हो रहा है। संसार जो है, जैसा भी है, उसे बदला नहीं जा सकता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### एआई का बढ़ता महत्त्व

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की। असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

*-रमेश प्रताप सिंग, सरायपाली*

## ट्रेंड

### कृषि को प्रोत्साहन



आज केंद्रीय कैबिनेट ने 'प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना' को मंजूरी दी है। इस योजना के तहत देशभर में 100 एग्री-डिस्ट्रिक्ट चयनित किए जाएँगे, जहाँ 11 मंत्रालयों की 36 योजनाओं का समन्वय कर वैज्ञानिक व आधुनिक कृषि को प्रोत्साहित किया जाएगा।
**-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री**

### सेंटर का उद्घाटन



आज मुंबई के बीकेसी में भारत में टेस्ला के पहले एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन किया गया। यह केवल एक एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन नहीं है; यह एक शक्तिशाली संदेश है - टेस्ला यहाँ है, और इसने सही शहर और सही राज्य चुना है: मुंबई, महाराष्ट्र!
**-देवेन्द्र फड़नवीस, सीएम, महाराष्ट्र**

### सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री



असम का मुख्यमंत्री भारत का सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री है - और, कुछ ही समय में कांग्रेस के बब्बर शेर उसे जेल पहुंचाएंगे। इसका डर उसकी आंखों में साफ दिख रहा है - क्योंकि उसे अब न मोदी बचा पाएंगे और न ही शाह!
**-राहुल गांधी, सांसद कांग्रेस**

### यही किरदार है




एक साल में तीन फिल्में बनायीं और तीनों में अलग-अलग भूमिकाएँ। ऐसा प्रदर्शन जो सब से अलग, किरदार ; कहीं भी नहीं लगा कि ये अभिषेक बच्चन है, यही लगा कि यही किरदार है। मेरा हृदय से आशीर्वाद।
**-अमिताभ बच्चन, अभिनेता**

## करंट अफेयर

# इजराइल में लोगों ने मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

यरुशलम के ऐतिहासिक जाफा गेट परिसर में 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस (आईडीवाई) मनाने के लिए करीब 200 योग प्रेमी मंगलवार शाम पहुंचे। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस हालांकि 21 जून को मनाया जाता है लेकिन इजराइल-ईरान संघर्ष के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। यह योग सत्र यरुशलम नगर पालिका, इजराइल के विदेश मंत्रालय और भारतीय दूतावास ने यरुशलम के बाहरी इलाके में आयोजित किया था। इज़राइल में भारत के राजदूत जे पी सिंह ने कहा, ''इस समय इजराइल में योग का आयोजन बहुत ही सामयिक है क्योंकि लोग तनावग्रस्त हैं और चिंता का स्तर बहुत ज़्यादा है। योग हमें शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखता है।



उन्होंने कहा, ''हालिया संघर्ष के कारण हम 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन नहीं कर पाए लेकिन हम इजराइली विदेश मंत्रालय और यरुशलम नगर पालिका के सहयोग से आज ऐतिहासिक शहर यरुशलम में इसका आयोजन कर रहे हैं। उन्होंने कहा, लोगों के कल्याण के लिए हर दिन योग दिवस होना चाहिए। विदेश मंत्रालय में दक्षिण एशिया ब्यूरो प्रमुख राजदूत सागी कर्णी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा, ''हम जानते हैं कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है।

## ऑफ बीट

# साइकिल चलाना पैदल चलने से चार गुना ज्यादा प्रभावी

साइकिलिंग के माध्यम से लोग चलने या दौड़ने की तुलना में कम ऊर्जा खपत पर तेज और दूर तक सुविधाजनक तरीके से सफर करने में सक्षम होते हैं।



लेकिन आखिर पैदल चलने की तुलना में साइकिलिंग इतनी आसान क्यों लगती है? इसका जवाब छिपा है उस सुव्यवस्थित जैव-यांत्रिकी में जो साइकिल का हमारे शरीर के साथ तालमेल बनाती है। लेकिन यह सरलता एक ऐसी इंजीनियरिंग को छिपाए हुए है, जो मानव शरीर की संरचना और क्रिया प्रणाली से बिल्कुल मेल खाती है। जब हम चलते या दौड़ते हैं तो असल में हमारा झुकाव एक नियंत्रित तरीके से आगे की ओर रहता है और हर कदम पर खुद को संभालते हैं। हमारे पैरों को हर कदम पर एक बड़े दायरे में आगे बढ़ाना पड़ता है, हर कदम पर पैरों को गुरुत्वाकर्षण के विरुद्ध ऊपर उठाना पड़ता है। सिर्फ इस क्रिया में ही शरीर की बहुत सारी ऊर्जा खर्च होती है। साइकिल पर, आपके पैर बहुत छोटी गोलाकार गति में घूमते हैं। हर क्रिया पर अपने पूरे पैर का वजन उठाने के बजाय, आप बस अपनी जांघों और पिंडलियों को एक संकुचित पैडल वाली साइकिल पर घुमाते हैं। इस वजह से शारीरिक ऊर्जा की बचत तुरंत महसूस होती है। लेकिन असली दक्षता यह है कि मानव ताकत ऐसी ऊर्जा में बदल जाती है जो साइकिल को आगे बढ़ाती है।

**हमारा पता**
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोनः 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# टेस्ट रैंकिंग: जडेजा को फायदा तो गिल को हुआ घाटा, रूट फिर बने दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज

एजेंसी ▸▸ दुबई

इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट ने एक सप्ताह के अंदर फिर से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया है जबकि भारत के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा बुधवार को जारी नवीनतम सूची में 34वें स्थान पर पहुंच गए। लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला के तीसरे टेस्ट में रूट ने 104 और 40 रन बनाए थे, जिसे इंग्लैंड ने 22 रन से जीता। इस शानदार प्रदर्शन से वह अपने करियर में आठवीं बार दुनिया के नंबर एक बल्लेबाज बने।



### रूट सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज

रूट अभी 34 साल के हैं और वह दिसंबर 2014 में कुमार संगकारा के बाद सबसे उम्रदराज नंबर एक टेस्ट बल्लेबाज हैं। श्रीलंका के खिलाड़ी ने 37 साल की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी। रूट ने अपना शीर्ष स्थान हमवतन हैरी ब्रुक से खो दिया था, जो अब केन विलियमसन से पीछे तीसरे स्थान पर खिसक गए हैं। भारतीय बल्लेबाजों में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और उपकप्तान ऋषभ पंत एक-एक पायदान नीचे क्रमशः पांचवें और आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। कप्तान शुभमन गिल भी तीन पायदान गिरकर नौवें स्थान पर आ गए हैं। लॉर्ड्स में 72 और नाबाद 61 रन की पारी खेलने वाले जडेजा पांच पायदान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर आ गए हैं। इसी मैच में 100 और 39 रन की पारी खेलने वाले केएल राहुल भी पांच पायदान ऊपर चढ़कर जडेजा से एक पायदान पीछे 35वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने लॉर्ड्स में 77 रन और पांच विकेट लेकर 'मैन ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता, जिससे वह बल्लेबाजों की सूची में दो स्थान ऊपर 42वें और गेंदबाजों की सूची में एक स्थान ऊपर 45वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### बोलैंड ने लगाई छलांग, पहुंचे कॅरियर के सर्वश्रेष्ठ स्तर पर

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टेस्ट गेंदबाजी रैंकिंग में अपना दबदबा बनाए हुए हैं और दक्षिण अफ्रीका के कागिसो रबाडा पर 50 अंकों की बढ़त के साथ शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं। आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने छह स्थान की छलांग लगाकर अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर पहुंच गए हैं। इस तरह से वह अपने चार हमवतन गेंदबाजों पैट कमिंस, जोश हेजलवुड, नाथन लियोन और मिशेल स्टार्क के साथ शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। भारतीय ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर गेंदबाजों की सूची में 58वें से 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।

### स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10% लगाया जुर्माना

### इंग्लैंड को लॉर्ड्स की गलती पड़ी भारी, कटे नंबर, डब्ल्यूटीसी तालिका में नीचे खिसका



**लंदन।** इंग्लैंड की टीम बुधवार को विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) तालिका में एक पायदान नीचे तीसरे स्थान पर खिसक गई क्योंकि लॉर्ड्स में भारत के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच में धीमी ओवर गति के कारण उसके दो अंक काट दिए गए। बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली टीम पर टेस्ट के बाद मैच फीस का 10 प्रतिशत जुर्माना भी लगाया गया है। इंग्लैंड ने यह मैच 22 रन से जीता था।

#### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हुए

विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में इंग्लैंड के अंक 24 से घटकर 22 हो गए हैं। इस कारण उसका अंक प्रतिशत (पीसीटी) 66.67 प्रतिशत से घटकर 61.11 प्रतिशत हो गया। श्रीलंका को इसका फायदा मिला जिसका प्रतिशत 66.67 है और वह इंग्लैंड को पीछे छोड़कर दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। ऑस्ट्रेलिया अब तक अपने तीनों मैच जीतकर 100 प्रतिशत अंकों के साथ डब्ल्यूटीसी तालिका में शीर्ष पर है, जबकि भारत का प्रतिशत 33.33 है। इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने अपराध स्वीकार कर लिया और प्रस्तावित दंड को स्वीकार कर लिया, इसलिए औपचारिक सुनवाई की कोई जरूरत नहीं पड़ी। मैदानी अंपायर पॉल रीफेल और शरफुद्दौला इब्ने शाहिद, तीसरे अंपायर अहसान रजा और चौथे अंपायर ग्राहम लॉयड ने आरोप लगाए थे।

## खबर संक्षेप



### दीपिका ने जीता मैजिक स्किल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला हॉकी टीम की स्ट्राइकर दीपिका ने एफआईएच प्रो लीग 2024-25 सत्र के भुवनेश्वर चरण के दौरान नीदरलैंड के खिलाफ किए गए अपने मैदानी गोल के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल पुरस्कार जीता है। एफआईएच हॉकी प्रो लीग के 2024-25 सत्र के लिए पोलिग्रास मैजिक स्किल अवार्ड के विजेता का फैसला विश्व भर के हॉकी खेल प्रेमियों के मतदान के आधार पर किया गया। दीपिका ने यह गोल फरवरी 2025 में प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण के दौरान किया था। कलिंग स्टेडियम में खेला गया यह मैच निर्धारित समय में 2-2 से बराबर रहा था, जिसके बाद भारत ने शूटआउट में नीदरलैंड को हराया। भारतीय टीम जब दो गोल से पीछे चल रही थी तब दीपिका ने 35वें मिनट में यह अविश्वसनीय गोल किया। उन्होंने नीदरलैंड की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बायीं ओर से शानदार तरीके से ड्रिबल किया, बेसलाइन को छुआ और एक डिफेंडर की स्टिक के ऊपर से गेंद को आगे निकालकर गोलकीपर को छकाते हुए गेंद को नेट में पहुंचाया।

### आईसीसी एजीएम की बैठक में टी20 विश्व कप के विस्तार पर होगी चर्चा

**सिंगापुर।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बृहस्पतिवार से यहां शुरू हो रही चार दिवसीय वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के दौरान बहुचर्चित दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली, टी20 विश्व कप का विस्तार और नए सदस्यों को स्वीकृति देने जैसे विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। नया विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र (2025-27) शुरू हो चुका है और ऐसे में दो स्तरीय टेस्ट प्रणाली पर चर्चा धन आवंटन और प्रमोशन (निचली से शीर्ष लीग में जाना) तथा रेलीगेशन (शीर्ष लीग से निचली में खिसकना) से संबंधित प्रावधानों के इर्द-गिर्द घूमने वाली है। हालांकि यह सामान्य रूप से स्वीकार किया गया है कि मौजूदा डब्ल्यूटीसी चक्र में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा और नई प्रणाली संभावित रूप से 2027 के बाद लागू होगी।

### स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट : अर्जुन, प्रशांत क्वार्टर फाइनल में



**नई दिल्ली।** अर्जुन काधे और विजय सुंदर प्रशांत की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने स्विट्जरलैंड के गस्टाड में चल रहे स्विस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई जबकि एन श्रीराम बालाजी और रित्विक बोलीपल्ली की उनकी हमवतन जोड़ी इस एटीपी 250 टूर्नामेंट के पहले दौर में हारकर बाहर हो गई। अर्जुन और प्रशांत ने कोलंबिया के निकोलस बेरिएनटोस और मैक्सिको के मिगुएल रायेस वारेला की जोड़ी को इस 596035 यूरो इनामी क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के पहले दौर में 7-5 6-3 से हराया।

### चौथा मैच 23 जुलाई से, दोनों टीमों के बीच होगा कांटे का मुकाबला

# भारत-इंग्लैंड टेस्ट सीरीज : टीम इंडिया का ओल्ड ट्रैफर्ड में रिकॉर्ड खराब, नहीं जीता अब तक कोई टेस्ट

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

भारत और इंग्लैंड के बीच 5 मैचों की टेस्ट सीरीज का चौथा मैच मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड के मैदान में खेला जाएगा। ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम की बात करे तो यह मैदान भारत के लिए अब तक लकी नहीं रहा है। यहां भारत ने अब तक कुल 9 टेस्ट मैच खेले हैं लेकिन एक भी जीत नहीं दर्ज कर पाया है। टीम इंडिया को यहां 4 टेस्ट मैचों में हार का सामना करना पड़ा है जबकि 5 ड्रॉ पर समाप्त हुए हैं। यह आंकड़ा बताते है कि भारत को चौथे मैच में इस मैदान पर जीत हासिल करने के लिए कड़ी मशक्कत करनी होगी।

#### मेजबान इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे

वहीं भारत और इंग्लैंड के बीच चल रही 5 मैचों की टेस्ट सीरीज अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। तीन मैच खेले जा चुके हैं और मेजबान इंग्लैंड फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है। अब अगला और चौथा टेस्ट मैच 23 जुलाई से मैनचेस्टर के ओल्ड ट्रैफर्ड स्टेडियम में खेला जाएगा, जहां टीम इंडिया के लिए जीत हासिल करना एक बड़ी चुनौती होगी।



#### मेजबान इंग्लैंड के पास बेहतरीन चांस

दूसरी तरफ, इंग्लैंड की टीम शानदार फॉर्म में है और घरेलू परिस्थितियों का भरपूर फायदा उठाते हुए अपनी सीरीज में 3-1 की अजेय बढ़त हासिल करना चाहेगी। अब सभी की निगाहें 23 जुलाई से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट पर टिकी हैं। क्या टीम इंडिया ओल्ड ट्रैफर्ड के खराब रिकॉर्ड को तोड़ पाएगी? क्या भारत सीरीज में वापसी कर इंग्लैंड को निर्णायक टेस्ट के लिए मजबूर करेगा? इन सभी सवालों के जवाब अब जल्द ही मिलेंगे, लेकिन एक बात तय है कि मैनचेस्टर टेस्ट भारत के लिए करो या मरो की तरह होगा।

#### भारत को हर हाल में जीतना होगा चौथा टेस्ट

लॉर्ड्स टेस्ट में 22 रनों की करीबी हार झेलने के बाद भारतीय टीम अब हर हाल में चौथा टेस्ट जीतकर सीरीज में बराबरी हासिल करना चाहेगी। हालांकि, इसके लिए शुभमन गिल की कप्तानी में टीम इंडिया को अपनी रणनीति और प्रदर्शन दोनों में स्पष्ट सुधार करना होगा। बल्लेबाजी में निरंतरता और गेंदबाजी में धार की जरूरत अब पहले से कहीं ज्यादा होगी।

#### टीम इंडिया के सामने दोहरी चुनौती

भारत के सामने अब दोहरी चुनौती है। एक ओर तो उन्हें सीरीज में बराबरी हासिल करनी है, और दूसरी ओर एक ऐसे मैदान पर पहली जीत दर्ज करनी है, जहां कभी जीत मिली ही नहीं। इसके लिए कप्तान शुभमन गिल, केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, जसप्रीत बुमराह और रवींद्र जडेजा जैसे स्टार खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देना होगा।

#### विश्व टेस्ट चैंपियनशिप में भारत चौथे स्थान पर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अनुसार मैच रेफरी रिची रिचर्डसन ने इंग्लैंड पर यह जुर्माना लगाया क्योंकि उसकी टीम ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। भारत अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। आईसीसी ने कहा, 'खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की न्यूनतम ओवर गति से जुड़ी धारा 2.22 के अनुसार खिलाड़ियों पर उनके निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम फेंकने पर मैच फीस का पांच प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है।' इसमें कहा गया है, 'इसके अलावा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की खेल शर्तों के अनुच्छेद 16.11.2 के अनुसार निर्धारित समय में प्रत्येक ओवर कम होने पर टीम का प्रत्येक ओवर के लिए एक अंक काट दिया है। इस तरह से इंग्लैंड के विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के कुल अंकों में से दो अंक काट दिए गए हैं।'

### महिला वनडे मैच

## भारत ने इंग्लैंड को चार विकेट से दी शिकस्त



**साउथम्पटन।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने सीरीज के पहले वनडे में इंग्लैंड को 4 विकेट से हराते हुए 3 मैचों की सीरीज में बढ़त हासिल कर ली। साउथहैम्पटन में हुए मैच में मेजबान टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 50 ओवर के बाद 258/6 का स्कोर बनाया। जवाब में भारतीय टीम ने जेमिमा रोड्रिगेज (48) और दीप्ति शर्मा (62*) की पारियों की मदद से लक्ष्य हासिल किया। भारत से प्रतिका रावल (36) और स्मृति मंधाना (28) ने पहले विकेट के लिए 48 रन जोड़े। मध्यक्रम में रोड्रिगेज और दीप्ति ने उम्दा पारियां खेलते हुए हुए जीत दिलाई। मंधाना ने 24 गेंदों में 28 रन की पारी खेली और अपने वनडे करियर में 4,500 रन पूरे किए। वह इस आंकड़े को छूने वाली मिताली राज के बाद सिर्फ दूसरी भारतीय महिला क्रिकेटर बन गई। बता दें कि मिताली ने 232 वनडे में 50.68 की औसत के साथ सर्वाधिक 7,805 रन बनाए हैं। दूसरी तरफ मंधाना ने 103 पारियों में 38.16 की औसत से 4,501 रन हो गए हैं। इससे पहले युवा तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने दो विकेट झटककर प्रभावित किया, लेकिन सोफिया डंकले की 92 गेंद में नाबाद 83 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने बुधवार को यहां भारत के खिलाफ पहले महिला वनडे में छह विकेट पर 258 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। गौड़ (नौ ओवर में 55 रन देकर दो विकेट) और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा (10 ओवर में 31 रन देकर दो विकेट) ने दो दो विकेट झटके। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला किया जिसके बाद टीम ने 97 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे लेकिन एलिस डेविडसन रिचर्ड्स ने डंकले के साथ मिलकर पांचवें विकेट के लिए 106 रन की भागीदारी निभाई और 73 गेंद में 53 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। डंकले ने अपनी पारी के दौरान नौ चौके लगाए।

**दीप्ति मैन ऑफ द मैच**

### लास वेगास फ्रीस्टाइल शतरंज

## भारतीय दल की अगुआई करेंगे प्रज्ञानानंदा, गुकेश दौरे से हटे

**लास वेगास (अमेरिका)।** भारतीय खिलाड़ी आर. प्रज्ञानांनदा को 16 खिलाड़ियों के फ्रीस्टाइल शतरंज टूर्नामेंट में मैग्नस कार्लसन के साथ एक ही ग्रुप में रखा गया है जबकि अर्जुन एरिगेसी और विदित गुजराती दूसरे पूल में साथ में हैं। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन इस बार भी खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेंगे। टूर्नामेंट बुधवार देर रात शुरू होगा। इस प्रतियोगिता की कुल पुरस्कार राशि 750,000 अमेरिकी डॉलर है, जिसमें से 200,000 की राशि विजेता के लिए है। प्रत्येक ग्रुप में आठ खिलाड़ी हैं और शीर्ष चार खिलाड़ी अगले चरण में पहुंचेंगे जबकि इसके बाद निचले स्थान पर रहने वाले आधे खिलाड़ी एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। विश्व चैंपियन डी. गुकेश इस प्रतियोगिता में शिरकत नहीं करेंगे क्योंकि उन्हें एक महीने के अंदर ग्रैंडमास्टर टूर के मुख्य टूर्नामेंट में हिस्सा लेना है। उन्नीस वर्षीय प्रज्ञानानंदा अपने अभियान की शुरुआत उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव के खिलाफ करेंगे।



## डोपिंग मामले में तारा मूर को 4 साल का बैन

**लंदन।** खेल पंचाट ने डोपिंग के एक मामले में ब्रिटिश टेनिस खिलाड़ी तारा मूर पर चार साल का प्रतिबंध लगा दिया गया है। खेल पंचाट ने अंतरराष्ट्रीय टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी (आईटीआईए) के साथ सहमति व्यक्त की है कि प्रदर्शन बढ़ाने वाली दवाओं के सेवन के लिए उन्हें निलंबित किया जाना चाहिए। मूर को अप्रैल 2022 में एनाबॉलिक स्टेरॉयड बोल्डेनोन और नैंड्रोलोन के सेवन के लिए पॉजिटिव पाया गया था, लेकिन दिसंबर 2023 में उन्हें खेलने की मंजूरी दे दी गई थी, जब एक स्वतंत्र पंचाट ने फैसला दिया कि कोलंबिया में एक प्रतियोगिता में भाग लेने के दौरान दूषित मांस खाने के कारण ऐसा हुआ था। आईटीआईए ने उस फैसले के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी। खेल पंचाट ने आईटीआईए के पक्ष में निर्णय दिया, जिसमें कहा गया कि उसके पैनल के अधिकतर सदस्यों का यह मानना था कि मूर यह साबित नहीं कर पाई कि दूषित मांस के सेवन के कारण उनका नमूना पॉजिटिव पाया गया था।



## अंडर-19 टेस्ट : दबाव बनाने में असफल रहा भारत, इंग्लैंड ने पहला टेस्ट ड्रा पर रोका

एजेंसी ▸▸ बेकेनहम

इंग्लैंड अंडर 19 ने कप्तान हमजा शेख के जुझारू शतक की बदौलत भारत अंडर 19 टीम की जीत की उम्मीदों पर पानी फेरते हुए उसे पहले युवा टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे और अंतिम दिन ड्रॉ पर रोक दिया। भारतीय टीम ने इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। इंग्लैंड ने 63 ओवर में सात विकेट पर 270 रन बनाकर भारत को दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल नहीं करने दी।

**मेयस ने खेली अर्धशतकीय पारी**

शेख ने 140 गेंदों पर 11 चौकों और दो छक्कों की मदद से 112 रन बनाए। उन्हें बेन मेयस से महत्वपूर्ण सहयोग मिला, जिन्होंने 82 गेंदों पर 51 रन बनाए। उनके अलावा विकेटकीपर-बल्लेबाज थॉमस रीव ने 35 गेंदों पर 50 रन का योगदान दिया। भारत ने 14वें ओवर में इंग्लैंड का स्कोर 3 विकेट पर 62 रन कर दिया था लेकिन इसके बाद वह दबाव बनाने में असफल रहा। इंग्लैंड ने शेख की मेयस और रीव के साथ उपयोगी साझेदारियों से अच्छी वापसी की।



#### अल्बर्ट और जैक नहीं आए दबाव में

जब खेल समाप्त होने में एक घंटे का समय बचा था तब भारत ने लगातार ओवरों में दो रन आउट करके अपनी उम्मीद जगाई। उसने पहले शेख को आउट किया और फिर अगले ओवर में एकांश सिंह को वापस पवेलियन भेजा। लेकिन राल्फी अल्बर्ट (37 गेंदों पर नाबाद नौ रन) और जैक होम (36 गेंदों पर नाबाद सात रन) ने दबाव में धैर्य से काम लिया और मैच को ड्रॉ कराया। भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 540 रन बनाए थे, जिसके जवाब में इंग्लैंड ने 439 रन बनाए। भारत ने अपनी दूसरी पारी में 248 रन बनाकर इंग्लैंड के सामने 350 रन का लक्ष्य रखा था। आयुष म्हात्रे की अगुवाई में भारत अंडर-19 ने इससे पहले पांच मैचों की युवा एकदिवसीय श्रृंखला 3-2 से जीती थी।

### जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट : सिम यू जिन से सहारी सिंधू

## सात्विक-चिराग और लक्ष्य दूसरे दौर में, सिंधू रहीं नाकाम

एजेंसी ▸▸ तोक्यो

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू एक बार फिर पहले दौर से आगे बढ़ने में नाकाम रही लेकिन लक्ष्य सेन पुरुष एकल तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष युगल जोड़ी बुधवार को जापान ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में आसान जीत के साथ दूसरे दौर में पहुंच गए।

पूर्व विश्व चैंपियन 30 वर्षीय सिंधू को इस सुपर 750 टूर्नामेंट में कोरिया की सिम यू जिन के हाथों 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ष पांचवां अवसर है जबकि सिंधू पहले दौर की बाधा पार नहीं कर पाई। सिंधू ने पहले गेम में थोड़ी चुनौती पेश की लेकिन इस बीच उन्होंने काफी गलतियां भी की, जिसका फायदा उठाकर सिम यह गेम जीतने में सफल रही। दूसरे गेम में सिंधू जल्दी ही 1-6 से पीछे हो गईं। वह हालांकि स्कोर 11-11 से बराबर करने में कामयाब रहीं, लेकिन कोरियाई खिलाड़ी ने आसानी से बढ़त बनाकर सीधे गेम में मैच अपने नाम कर लिया। सिम ने इस तरह से भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ अपने करियर की पहली जीत हासिल की।



#### सात्विक और चिराग ने कोरियाई जोड़ी को 42 मिनट में हराया

इससे पहले पुरुष युगल में वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग ने कांग मिन ह्युक और किम डोंग जू की कोरियाई जोड़ी को केवल 42 मिनट में 21-18, 21-10 से हराया। विश्व की पूर्व नंबर एक भारतीय जोड़ी को लय हासिल करने में थोड़ा समय लगा और कोरिया के खिलाड़ियों में पहले गेम में उनके सामने कड़ी चुनौती पेश की। सात्विक और चिराग ने दूसरे गेम में शुरू से ही दबदबा बना कर रखा और आसानी से अगले दौर में प्रवेश किया।

#### लक्ष्य सेन का शानदार प्रदर्शन, चीन के वांग झेंग जिंग को दी मात

इस बीच पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे लक्ष्य सेन ने शानदार प्रदर्शन करते हुए चीन के वांग झेंग जिंग को 21-11, 21-18 से हराया। विश्व के 18वें नंबर के खिलाड़ी लक्ष्य ने पहले गेम में पूरी तरह नियंत्रण बनाए रखा और 11-2 की बढ़त बना ली और फिर बिना किसी परेशानी के गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जिंग ने चुनौती पेश की, लेकिन लक्ष्य ने शुरुआती लय का फायदा उठाते हुए बढ़त बनाए रखी और सीधे गेम में मैच जीत लिया। अब उनका सामना जापान के सातवें वरीय खिलाड़ी कोडाई नाराओका से होगा।

## दिव्या देशमुख ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाली चीन की यिनर झू को हराया

**बटुमी (जॉर्जिया)(भाषा)।** भारतीय अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने बुधवार को यहां फिडे विश्व महिला शतरंज कप के प्री-क्वार्टर फाइनल की पहली बाजी में दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की यिनर झू को हराया। दिव्या प्रतियोगिता के पहले विश्राम दिवस के बाद तरोताजा दिखीं और अब उन्हें क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए दूसरी बाजी में अपने से बेहतर रैंकिंग वाली झू के खिलाफ सिर्फ ड्रॉ की जरूरत है। शीर्ष भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी ने पूर्व विश्व महिला चैंपियन स्विट्जरलैंड की एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक के साथ कड़े मुकाबले में ड्रॉ खेला। डी हरिका ने शानदार खेल दिखाया लेकिन उन्हें भी कैटरीना लेगनो के साथ ड्रॉ से संतोष करना पड़ा।


**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़**
(नैक द्वारा 'ए' ग्रेड प्राप्त विश्वविद्यालय)

**सीयूईटी 2025 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ**
**शैक्षणिक सत्र: 2025–26**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी (यूजी) –2025 परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म आमंत्रित करता है:

| स्नातक (यूजी) कार्यक्रम | | | |
|---|---|---|---|
| बी.वॉक. | • रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट<br>• बायोमेडिकल साइंसेज<br>• इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट | इंटीग्रेटेड कार्यक्रम | • बी.एससी. एम.एससी. इन केमेस्ट्री<br>• बी.एससी.एम.एससी. इन मेथेमेटिक्स<br>• बी.एससी. एम.एससी. इन फिजिक्स |
| • बी.एससी. (ऑनर्स) इन साइक्लॉजी | | | |

महत्त्वपूर्ण तिथि

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 22 जुलाई, 2025 |
| पंजीकरण लिंक | https://cuhcuet.samarth.edu.in/ |

विस्तृत विवरण के लिए www.cuh.ac.in देखें। कुलसचिव (प्रभारी)





## खबर संक्षेप

### नौसेना के बेड़े में कल शामिल होगा 'निस्तार'

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना 18 जुलाई 2025 को विशाखापत्तनम के नेवल डॉकयार्ड में अपना पहला स्वदेशी डीप सबमर्जेंस रेस्क्यू वेसल (डीएसआरवी) 'निस्तार' को बेड़े में शामिल करेगी। यह जहाज गहरे समुद्र में गोताखोरी में सक्षम है। 'निस्तार' डीएसआरवी के तौर पर 'मदर शिप' के रूप में भी काम करेगा। यह समुद्र के भीतर पनडुब्बी में किसी भी आपात स्थिति में फंसे लोगों को बचाने और निकालने में मदद करेगा। इसके साथ ही यह निस्तार दुश्मन की पनडुब्बियों की निगरानी के भी काम आ सकता है।

### 1.7 करोड़ में नीलाम हुई महात्मा गांधी की तस्वीर


**लंदन।** ब्रिटेन की राजधानी लंदन में महात्मा गांधी की एक दुलर्भ



पेंटिंग 1.7 करोड़ रुपए में बिकी। यह अकेली ऐसी तस्वीर है, जिसके लिए महात्मा गांधी पोट्रेट मोड में बैठे थे और पेंटर ने उनके सामने बैठकर यह खूबसूरत ऑयल पेंटिंग बनाई थी। ब्रिटिश आर्टिस्ट क्लेयर लीटन ने इस पेंटिंग को पोट्रेट ऑफ महात्मा गांधी नाम दिया था। यह पेंटिंग 1931 की है।

ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स की बैठक में बोला भारत

# संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों को मिले सुरक्षा और न्याय



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत ने संयुक्त राष्ट्र शांति सैनिकों के विरुद्ध अपराधों के लिए जवाबदेही सुनिश्चित करने की अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराई। भारत ने इसे 'रणनीतिक आवश्यकता' बताया, जिससे दुनियाभर में शांति कायम रखने की कोशिशों को मजबूती मिले। न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में मंगलवार (स्थानीय समयानुसार) को ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स (जीओएफ) की एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस बैठक में शांति सैनिकों के विरुद्ध अपराधों के लिए जवाबदेही को बढ़ावा देने की आवश्यता पर जोर दिया गया। बैठक में बोलते हुए, संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थायी प्रतिनिधि, राजदूत पी. हरीश ने कहा कि शांति सैनिकों को खतरनाक क्षेत्रों में बहुत मुश्किल हालात में काम करना पड़ता है। लेकिन अधिकांशतः शांति सैनिकों पर हमला करने वालों को कोई सजा नहीं मिलती है।

### 182 सैनिकों ने दिए प्राण

दिसंबर 2022 में भारत की अध्यक्षता में इस 'ग्रुप ऑफ फ्रेंड्स' की शुरुआत हुई थी। यह संयुक्त राष्ट्र के सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 2589 पर आधारित है, जिसमें शांति सैनिकों पर हमलों की सख्त जवाबदेही की बात की गई थी। भारत अब तक संयुक्त राष्ट्र के लगभग सभी मिशनों में सबसे अधिक (3 लाख से ज्यादा) शांति सैनिक भेज चुका है। 182 भारतीय शांति सैनिकों ने सेवा करते हुए अपने प्राणों की आहुति दी है। भारत ने कहा कि वह आगे भी शांति स्थापना और हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध रहेगा।

### हमला करने वालों को मिले कड़ी सजा

बैठक में करीब 40 देशों के प्रतिनिधियों और संयुक्त राष्ट्र के अधिकारियों ने मिलकर इस विषय पर चर्चा की। उन्होंने नए तरीकों, कानूनों और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को बढ़ाने पर बात की, ताकि शांति सैनिकों पर हमला करने वालों को कड़ी सजा दी जा सके।

'ऑपरेशन सिंदूर' के संदर्भ में स्वदेशीकरण पर बोले सीडीएस चौहान

# ड्रोन और यूएवी में आत्मनिर्भरता भारत के लिए 'रणनीतिक रूप से अनिवार्य'

ड्रोन युद्ध की रणनीति को बदलने में सक्षम

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) अनिल चौहान ने बुधवार को कहा कि हाल के वैश्विक संघर्षों में यह बात सामने आई है कि कैसे ड्रोन युद्ध की रणनीति को अपने आकार और मूल्य के अनुपात में असमान रूप बदल सकते हैं।

ड्रोन और काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम (सी-यूएएस) (मानवरहित हवाई रोधी प्रणाली) में आत्मनिर्भरता भारत के लिए 'रणनीतिक रूप से अनिवार्य' है।

*सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि ड्रोन वास्तविकता का प्रमाण हैं और हाल के संघर्षों में उनके व्यापक उपयोग ने दिखाया है कि कैसे ड्रोन युद्ध की रणनीति को अपने आकार और मूल्य के अनुपात में असमान रूप बदल सकते हैं। ड्रोन का असमान उपयोग बड़े प्लेटफॉर्म को संवेदनशील बना रहा है*



सीडीएस अनिल चौहान ने रक्षा उपकरणों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया।

» *भारत आयातित विशिष्ट तकनीकों पर निर्भर नहीं रह सकता*

» *सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया*

### ड्रोन का युद्ध में उपयोग क्रांतिकारी

सीडीएस ने कहा कि ड्रोन वास्तविकता का प्रमाण हैं और हाल के संघर्षों में उनके व्यापक उपयोग ने दिखाया है कि कैसे ड्रोन युद्ध की रणनीति को अपने आकार और मूल्य के अनुपात में असमान रूप बदल सकते हैं। उन्होंने कहा कि ड्रोन का असमान उपयोग बड़े प्लेटफॉर्म को संवेदनशील बना रहा है और सेनाओं को हवाई रणनीतिक सिद्धांत, सी-यूएएस के विकास और इसके अनुकूल युद्ध कौशलों के लिए प्रेरित करता है। ड्रोन इवॉल्यूश्नरी (विकासवादी) हैं और युद्ध में उनका इस्तेमाल बहुत क्रांतिकारी रहा है। जैसे-जैसे उनकी तैनाती और दायरा बढ़ा, भारतीय सेना ने क्रांतिकारी तरीके से ड्रोन का इस्तेमाल किया।

### विदेशी तकनीकों पर निर्भरता कमजोरी

सीडीएस चौहान ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' ने हमें दिखाया है कि हमारे भूभाग और हमारी जरूरतों के लिए स्वदेशी रूप से विकसित यूएएस, सी-यूएएस क्यों महत्वपूर्ण हैं। हम उन आयातित विशिष्ट तकनीकों पर निर्भर नहीं रह सकते जो हमारे आक्रामक और रक्षात्मक अभियानों के लिए महत्वपूर्ण हैं। विदेशी तकनीकों पर निर्भरता हमारी तैयारियों को कमजोर करती है, उत्पादन बढ़ाने की हमारी क्षमता को सीमित करती है और इसके कारण महत्वपूर्ण पुर्जों की कमी होती है।

### परोक्ष युद्ध में यूएवी एक बड़ी शक्ति

सीडीएस ने कहा कि सुरक्षा बलों की आमने-सामने की लड़ाई के विपरीत इस तरह के परोक्ष युद्ध में तेजी के बीच यूएवी एक परिवर्तनकारी शक्ति के रूप में उभरे हैं। भारत जैसे राष्ट्र के लिए यूएवी और सी-यूएएस प्रौद्योगिकियों में आत्मनिर्भरता न केवल एक रणनीतिक अनिवार्यता है, बल्कि यह भारत को अपनी नियति तय करने, अपने हितों की रक्षा करने और भविष्य के अवसरों का लाभ उठाने के लिए सशक्त बनाने के बारे में भी है।

### पाक ने ड्रोन का इस्तेमाल किया

सीडीएस अनिल चौहान ने कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान ने 10 मई को हथियार रहित ड्रोन का इस्तेमाल किया। हालांकि उनमें से कोई भी वास्तव में भारतीय सैन्य या नागरिक बुनियादी ढांचे को कोई नुकसान नहीं पहुंचा सका। उनमें से अधिकतर को मार गिराया गया जबकि कुछ को जस की तस अवस्था में बरामद किया गया।

श्रीलंका का प्रतिनिधिमंडल भारत आया

# द्विपक्षीय संबंधों को और प्रगाढ़ बनाने पर हुई चर्चा



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

श्रीलंका के 14 राजनीतिक दलों के 24 नेताओं का प्रतिनिधिमंडल बुधवार को दो हफ्ते की भारत यात्रा पर आया। प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्री से मुलाकात की। इस दौरान दोनों देशों के बीच मजबूत होते रिश्तों पर चर्चा हुई।

### प्रतिनिधिमंडल में 24 नेता शामिल

प्रतिनिधिमंडल में उपसभापति रिजवी सालेह, अलग-अलग दलों के 20 सांसद, महासचिव और श्रीलंकाई संसद के चार वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। भारत और श्रीलंका के बीच 2,500 साल से भी पुराना रिश्ता है, जिसमें मजबूत सांस्कृतिक और ऐतिहासिक संबंध शामिल हैं। भारत की 'पड़ोसी पहले' नीति और समुद्री क्षेत्र में सुरक्षा और विकास के लिए साझेदारी की सोच में श्रीलंका का अहम स्थान है।

*भारतीय दूतावास ने दी अपने नागरिकों को सलाह*

# ईरान की गैर-जरूरी यात्रा से बचें, सतर्कता बरतें, करें विचार



एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान में भारतीय मिशन ने देश में बदलती सुरक्षा स्थिति को देखते हुए अपने नागरिकों को गैर-जरूरी यात्रा से बचने की सलाह दी है। भारतीय दूतावास ने ईरान की यात्रा पर विचार कर रहे नागरिकों से कहा है कि वे क्षेत्रीय हालात पर नजर बनाए रखें, सतर्क रहें।

### वाणिज्य उड़ानों व फेरी सेवाएं उपयोग करें

परामर्श में कहा गया है कि दूतावास ने यह भी कहा कि जो भारतीय नागरिक वर्तमान में ईरान में हैं और वहां से बाहर निकलना चाहते हैं। वे वर्तमान में उपलब्ध वाणिज्यिक उड़ानों और फेरी सेवाओं का उपयोग कर सकते हैं। यह परामर्श ईरान और इजराइल के बीच हालिया संघर्ष के बाद बने हालात के मद्देनजर जारी किया गया है।

# इजराइल ने अब सीरियाई सेना के मुख्यालय पर किया हमला

**दमिश्क (एजेंसी)।** इजराइल ने बुधवार को सीरिया की सेना के मुख्यालय को निशाना बनाते हुए हमला किया है। रिपोर्ट के अनुसार, सीरियाई सुरक्षा बलों और ड्रूज सशस्त्र समूहों के बीच चल रहे संघर्ष के दौरान इजराइल ने दमिश्क में रक्षा मंत्रालय के निकट हमला किया। मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस हमले में दमिश्क में स्थित सीरियाई सेना के मुख्यालय को भारी नुकसान पहुंचा है। इजराइल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा कि आईडीएफ ने सीरिया के दमिश्क क्षेत्र में सीरियाई शासन के सैन्य मुख्यालय के प्रवेश द्वार पर हमला किया है। वह स्थिति पर कड़ी नजर रख रही है।

### चाइल्ड हॉस्पिटल में लगी भीषण आग, बचे नवजात

**हरदोई।** उत्तर प्रदेश के हरदोई में बच्चों के अस्पताल कीर्ति कृष्णा बाल चिकित्सालय में बुधवार को शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। नवजात शिशुओं को गठरी की तरह कपड़े और साड़ी में बांधकर नीचे फेंका या उतारा गया। परिजन सीढ़ी से नीचे उतरकर भागे। हादसे के समय अस्पताल में दो दर्जन बच्चे भर्ती थे।




# गाजा में फूड सेंटर पर भगदड़, 43 की मौत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जीएचएफ ने भी अब तक 20 लोगों के मारे जाने की बात स्वीकार की है। लेकिन इसके लिए हमास से जुड़े लोगों पर हिंसा भड़काने का आरोप लगाया। यूएन ने जीएचएफ सेंटर्स को मौत का जाल करार दे चुका है। मई के अंत से अब तक इन सेंटर्स पर या आसपास 870 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, अक्टूबर 2023 में शुरू हुए युद्ध के बाद से इजराइली हमलों में गाजा के 58,573 लोग मारे गए हैं और 1,39,607 अन्य घायल हुए हैं।



### इजराइल-अमेरिका पर जानबूझकर भूखे लोगों के नरसंहार का आरोप

### 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट

गाजा में जंग के बीच 5 लाख लोगों पर भुखमरी का संकट पैदा हो गया है। गाजा के हालात पर 12 मई को संयुक्त राष्ट्र ने एक रिपोर्ट पेश की थी। इसके मुताबिक अगर इजराइल पाबंदियां नहीं हटाता है तो गाजा में हर 5 में से 1 व्यक्ति भुखमरी की चपेट में आ सकता है।




वैश्विक मंच पर भारत अपनी सैन्य ताकत का करेगा उत्कृष्ट प्रदर्शन

# दुनिया के सबसे बड़े युद्धाभ्यास 'तलीसमन सेब्रे 2025' में भारतीय सेना दिखा रही दम

ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में एडवांस सैन्य अभ्यास शुरू

एजेंसी ▶▶ कैनबरा

भारत ने दोस्त देशों के साथ मिलकर दुनिया का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के क्वींसलैंड में दुनिया का सबसे बड़ा और सबसे एडवांस सैन्य अभ्यास शुरू हो गया है। इसमें भारत भी हिस्सा ले रहा है। इस सैन्य अभ्यास का नाम 'तलीसमन सेब्रे 2025' है, जिसमें भारत अपनी भागीदारी के साथ वैश्विक मंच पर अपनी शक्ति का अहसास करवा रहा है। भारत ने पहली बार पूर्ण सैन्य टुकड़ी के साथ इस तरह के वैश्विक मंच पर सैन्य अभ्यास में हिस्सा लिया है, जिसमें 19 देशों के करीब 35 हजार सैनिक पहुंचे हैं।



### ऑस्ट्रेलिया से पापुआ न्यू गिनी तक होगा अभ्यास

ऑस्ट्रेलिया के इतिहास में भी ये सबसे बड़ा युद्धाभ्यास है। अगले तीन हफ्तों तक क्वींसलैंड, ऑस्ट्रेलिया के उत्तरी क्षेत्र, पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया, न्यू साउथ वेल्स और क्रिसमस द्वीप तक ये सैन्य अभ्यास जारी रहेगा। इसके अलावा सैन्य गतिविधियां भी पहली बार ऑस्ट्रेलियाई तटों से आगे बढ़कर पापुआ न्यू गिनी तक पहुंचेंगी। यह सैन्य अभ्यास इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एकजुटता और संतुलन की नई परिभाषा भी गढ़ रहा है।

### मलेशिया और वियतनाम पर्यवेक्षक के तौर पर शामिल

इस सैन्य अभ्यास में भाग लेने वाले देशों में अमेरिका, कनाडा, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, भारत, इंडोनेशिया, जापान, नीदरलैंड, न्यूजीलैंड, नॉर्वे, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, थाईलैंड, टोंगा और यूनाइटेड किंगडम शामिल हैं। इस सैन्य अभ्यास में लाइव-फायर अभ्यास, जल-थल लैंडिंग, हवाई युद्ध सिमुलेशन, समुद्री अभियान और जमीन, समुद्र, वायु, अंतरिक्ष और साइबर क्षेत्रों में कॉर्डिनेशन के साथ सैन्य गतिविधियों का अभ्यास किया जा रहा है।

### भारत की ओर से विशिष्ट सैन्य इकाई शामिल

भारत और ऑस्ट्रेलिया की सेनाएं इस दौरान संयुक्त रूप से लाइव-फायर ड्रिल्स, हाईमार्स मिसाइल लॉन्चिंग, साइबर, समुद्री और अंतरिक्ष युद्ध तकनीकों पर अभ्यास कर रही हैं। भारत की ओर से थल सेना, नौसेना और वायु सेना की विशिष्ट सैन्य इकाई इस युद्धाभ्यास में शामिल हुई हैं। भारतीय सैनिकों ने ऑस्ट्रेलियाई हाईमार्स सिस्टम के साथ कॉर्डिनेटेड बमबारी और मोबाइल रॉकेट लॉन्च सिस्टम का लाइव अभ्यास किया है, जो भविष्य की मल्टी-डायमेंशनल युद्ध की तैयारी का संकेत है।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25